

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, रविवार 25 मई 2025 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-057 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 26 मई 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### अमेरिका में भी पकड़े गए दो पाकिस्तानी गद्दार

**वाशिंगटन,25 मई।** अमेरिका में दो पाकिस्तानी गद्दारों को गिरफ्तार किया गया है जो कि मनी लॉन्ड्रिंग और इमिग्रेशन फ्रॉड में लगे हुए थे। टेक्सास के रहने वाले आरोपियों के बारे में एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल ने जानकारी देते हुए कहा कि अब्दुल हादी मुर्शिद और मोहम्मद सलमान नासिर नाम के शख्स रिलायबल वेंचर्स के नाम से कंपनी चलाते थे। वे वीजा फ्रॉड, अवैध इमिग्रेशन और मनी लॉन्ड्रिंग में संलिप्त थे। मुर्शिद पर अवैध रूप से अमेरिका की नागरिकता लेने की कोशिश करने का भी आरोप है। काश पटेल ने एफबीआई टीम को शाबाशी देते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। एफबीआई ने जानकारी दी है कि अगर ये दोनों दोषी पाए जाते हैं तो दोनों को 20 साल तक की जेल हो सकती है। आरोप है कि दोनों ही फर्जी वीजा ऐप्लिकेशन के जरिए विदेशियों को अमेरिका में घुसाते थे। वे अवैध रूप से अमेरिका आ जाते थे और फिर यहीं रुक जाते थे। कई बार वे नौकरी के फर्जी दस्तावेज पेश करते थे।

### अनियंत्रित होकर खेत में पलटी बस

**कवर्धा,25 मई।** कोरबा से कवर्धा की ओर आ रही तेज रफ्तार यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में पलट गई। यह हादसा पंडरिया थाना क्षेत्र के सैगोनाडीह और किशुनगढ़ गांव के बीच हुआ है। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे में बस सवार 20 से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें से कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय राहगीरों और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को बस से बाहर निकाला और एंबुलेंस की सहायता से पंडरिया अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पंडरिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए अस्पताल में अतिरिक्त चिकित्सकों की व्यवस्था की गई है। गौरेला-अनुपपूर मार्ग पर कोयले से लदा ट्रेलर अनियंत्रित होकर पलट गया। पहले बेकाबू ट्रेलर वाहन पेड़ से टकराया, फिर सड़क पर पलट गया। वाहन इतनी तेज रफ्तार में था कि जिस पेड़ से टकराकर ट्रेलर पलटा वो पेड़ ही जमीन से उखड़ गया। हादसा रविवार सुबह गौरेला के फॉरेस्ट बैरियर के पास हुआ है।जानकारी के अनुसार कोयले से लदा ट्रेलर मध्यप्रदेश के रामपुर से चम्पा जांजगीर की ओर जा रहा था। इस हादसे में किसी के भी हताहत होने की जानकारी नही है। वहीं घटना के बाद ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। गौरेला पुलिस जांच में जुटी है।

### ओपी चौधरी ने अर्थव्यवस्था पर कांग्रेस को घेरा

**रायपुर, 25 मई।** नीति आयोग ने 24 मई को घोषणा किया है कि भारत दुनिया में चौथी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत की अर्थव्यवस्था अब जापान से बड़ी हो गयी है। हम केवल अब संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जर्मनी से पीछे रह गये हैं। नीति आयोग के CEO BVR सुब्रह्मण्यम के 10वें नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक में दिए गए बयान पर छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा, 2004 से 2014 तक कांग्रेस सरकार के तहत, भारत की अर्थव्यवस्था 10वें स्थान पर थी और 10 साल तक वहीं रही, जैसा कि उन्होंने प्रतिबद्धता जताई थी। हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। ओपी चौधरी के इस बयान पर पलटवार करते हुए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा, जब हम नीति आयोग की पहली बैठक में गए थे तब प्रधानमंत्री ने कहा था कि हम 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाएंगे।

# भारत बना दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी

**नई दिल्ली,25 मई।** भारतीय इकोनॉमी ने इतिहास रच दिया है। भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी बन गया है।अब भारतीय अर्थव्यवस्था जापान से भी बड़ी हो गई है। शनिवार को नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने यह जानकारी शेयर की।

बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने नीति आयोग के गवर्निंग काउंसिल की 10वीं बैठक के बाद कहा कि, 'ग्लोबल और इकोनॉमिक माहौल भारत के अनुकूल बना हुआ है और मैं मैं जब बोल रहा हूं, तब हम दुनिया की चौथी सबसे बड़ी इकोनॉमी हैं। आज हम 4,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। भारत ने दुनिया की चौथी सबसे बड़ी




इकोनॉमी बनने का ये मुकाम ऐसे समय में हासिल किया है, जबकि यूएस टेरिफ के चलते दुनिया में हलचल है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान पर पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि अमेरिका में बिकने वाले एप्पल आईफोन का निर्माण अमेरिका में ही होगा, न कि भारत में या किसी और जगह पर। उन्होंने आगे कहा कि आगे टैरिफ क्या होगा, यह अनिश्चित है. गतिशीलता को देखते हुए, हम निर्माण के लिए सस्ती जगह जरूर होंगे। सुब्रह्मण्यम के मुताबिक, परिसंपत्ति मुद्रीकरण (एसेट मोनेटाइजेशन) पाइपलाइन का दूसरा दौर तैयार किया जा रहा है और इसकी घोषणा अगस्त में की जाएगी।

## मन की बात में दंतेवाड़ा जिले की उपलब्धियों का जिक्र

**रायपुर,25 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'मन की बात' की 122 वीं कड़ी में आज फिर दंतेवाड़ा जिले की उपलब्धियों का जिक्र किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मन की बात में हम बस्तर ओलंपिक और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में साइंस लैब की चर्चा कर चुके हैं। यहां के बच्चों में साइंस का पेशन है। स्पोर्ट्स में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन्होंने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है। मुझे यह जानकर बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे। करीब 95 प्रतिशत के साथ यह जिला दसवीं के नतीजों में टॉप पर रहा। वहीं 12वीं की परीक्षा में छत्तीसगढ़ में छठा स्थान हासिल किया। सोचिए जिस दंतेवाड़ा जिले में




कभी माओवाद चरम पर था, वहां आज शिक्षा का परचम लहरा रहा है। ऐसे बदलाव हम सभी को गर्व से भर देते हैं। पीएम मोदी ने नक्सलवाद के खिलाफ कार्रवाई का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है। लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची। इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया।

## छत्तीसगढ़ में होगा पूरी तरह पेपरलेस सरकारी कामकाज

**रायपुर,25 मई।** छत्तीसगढ़ सरकार ने डिजिटल गवर्नेंस की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए अब राज्य के मंत्रालय से लेकर सभी विभागों, संभागीय और जिला कार्यालयों में पेपरलेस वर्क कल्चर को पूरी तरह लागू करने का फैसला किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टर्स, संभागायुक्तों और विभाग प्रमुखों को पत्र जारी करते हुए ई-ऑफिस के उपयोग को अनिवार्य कर दिया है। यह पहल न केवल सरकारी कामकाज को तेज और पारदर्शी बनाएगी, बल्कि सिस्टम में जवाबदेही और सुगमता भी सुनिश्चित करेगी।अब से राज्य शासन से जुड़े सभी स्थानांतरण, पदस्थापना और पदोन्नति संबंधी आदेश ई-ऑफिस के जरिए ही संचालित किए जाएंगे। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि स्थानांतरण आदेश जारी होने के 10 कार्यालयीन दिनों के भीतर संबंधित अधिकारी या कर्मचारी को ई-ऑफिस में अपने दस्तावेजों को अपडेट कराना अनिवार्य होगा। इसके साथ ही, संबंधित विभाग के नोडल ऑफिसर (लोकल एडमिन) और मंत्रालयीन अधिकारी को भी इसकी सूचना दी जानी चाहिए ताकि आवश्यक प्रक्रिया समय पर पूरी हो सके। राज्य शासन का उद्देश्य है कि सभी विभागों और कार्यालयों में ई-ऑफिस का पूर्ण और प्रभावी क्रियान्वयन हो, जिससे मैनुअल कामकाज पर निर्भरता समाप्त हो और समय की बचत के साथ-साथ सूचनाओं की उपलब्धता भी तुरंत हो सके। इसके तहत, पदोन्नति, पदस्थापना या स्थानांतरण के बाद संबंधित आदेशों की ई-ऑफिस में पावती बनाकर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। यह कदम ई-ऑफिस प्रणाली को अपडेट और सुचारु बनाए रखने में अहम भूमिका निभाएगा।

## 'जो अमेरिका ने झेला, हम भी वही झेल रहे हैं'

### अमेरिका में शशि थरूर ने दिखाए तेवर

**वाशिंगटन,25 मई।** आतंकवाद पर पाकिस्तान का चेहरा बेनकाब करने और भारत की नीति दुनिया के साथ साझा करने शशि थरूर के नेतृत्व में भारतीय डेलिगेशन अमेरिका पहुंच गया है। भारतीय डेलिगेशन ने 9/11 हमले में जान गंवाने वाले लोगों को मेमोरियल पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डेलिगेशन को लीड कर रहे कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'जो अमेरिका ने झेला, हम भी वही सालों से झेल रहे हैं। भारत पर बार-बार होने वाले आतंकी हमलों का जिक्र करते हुए थरूर ने जोर दिया कि 'आतंक के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए और हम हालिया हमले के दोषियों की तलाश तब तक नहीं रोकेंगे जब तक वे पकड़े नहीं जाते। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने सांसद गंटी हरीश मधुर, सांसद शशांक मणि त्रिपाठी, सांसद भुवनेश्वर कलिता, सांसद मिलिंद देवड़ा और पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू के साथ 9/11 स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ अमेरिका में भारत के राजदूत विनय मोहन क्वात्रा भी थे। न्यूयॉर्क में 9/11



मेमोरियल के बाहर मीडिया से बात करते हुए शशि थरूर ने कहा, ''9/11 मेमोरियल की यह यात्रा एक गंभीर स्मरण है कि जिस प्रकार अमेरिका आतंकवाद का शिकार हुआ, उसी तरह भारत भी बार-बार इस घाव को झेल चुका है।

### ओवैसी ने विदेशी धरती से पाकिस्तान को ललकारा

बहरीन में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने पड़ोसी मुल्क को 'नाकाम देश' बताते हुए उसकी नीतियों की जमकर आलोचना की। बहरीन में, प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के आतंकवाद को निंदा की और बहरीन सरकार से पाकिस्तान को एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में वापस लाने का आग्रह किया। एआईएमआईएम प्रमुख पाकिस्तान की आलोचना करते हुए कहा कि आतंकवाद केवल पाकिस्तान के कारण है। असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि निर्दोष लोगों की हत्या के लिए आतंकवादियों ने धर्म का सहारा लिया। उन्होंने कुरान की आयतों को गलत संदर्भ में पेश किया है। हमें इसे खत्म करना होगा।

## कांग्रेसजनों ने झीरम के शहीदों को नमन किया

**रायपुर,25 मई।** झीरम हमले की 12वीं बरसी पर राजीव भवन में कांग्रेसजनों ने शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शहीदों के लिये दो मिनिट का मौन रख कर नमन किया गया।इस अवसर पर एआईसीसी महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने एसआईटी बनाकर षड़यंत्र की जांच करने का प्रयास किया। एनआईए ने इस मामले की जांच बंद कर दिया था, एनआईए ने 24 सितंबर 2014 को अदालत में पहली चार्जशीट दाखिल किये, इसके बाद 28 सितंबर 2015




को सप्लीमेंट्री चार्जशीट पेश किया, अर्थात एनआईए ने जांच बंद कर दिया था, एनआईए ने किसी भी पीड़ित से पूछताछ नहीं किया, जो संदिग्ध नक्सली थे किसी के खिलाफ आरोप पत्र नहीं दाखिल नहीं किया। लेकिन जैसे ही राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया एनआईए ने फिर से जांच शुरू कर दिया और राज्य की एजेंसी के जांच को बाधित किया। कानूनन जब तक एनआईए मामले की फाइल राज्य को वापस नहीं करती एसआईटी जांच शुरू नहीं कर सकती थी। कांग्रेस के पूर्ववर्ती राज्य सरकार द्वारा बार-बार मांगे जाने के बावजूद एनआईए ने झीरम की केस फाइल नहीं दिया। एनआईए ने भी एसआईटी की जांच को रोकने हाईकोर्ट से स्टे ले लिया, बाद में हाईकोर्ट ने एनआईए के स्टे को खारिज कर दिया। एनआईए हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट गयी जहां सुप्रीम कोर्ट ने 21 नवंबर 2023 को एनआईए की याचिका को खारिज कर दिया। लेकिन तब तक राज्य में सरकार बदल गयी थी लेकिन सुप्रीम कोर्ट के फैसले से राज्य की एसआईटी के जांच के रास्ते खुल गये। राज्य सरकार दरभा थाने में पीड़ित परिवारों की रिपोर्ट के आधार पर एसआईटी की जांच शुरू करें। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि आज का दिन कांग्रेस के लिए बेहद पीड़ा का दिन है। हमने अपने नेताओं को खोया था। मैं शहीद नेताओं को अपनी श्रद्धांजली अर्पित करता हूं। आज भी छत्तीसगढ़ की जनता जानना चाहती है कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा की सुरक्षा को घोर नक्सल इलाके में ही क्यो हटाया गया था? श्रद्धांजलि सभा में पूर्व सांसद छाया वर्मा, कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, गिरीश दुबे, उधो वर्मा, पंकज शर्मा, ज्ञानेश शर्मा, विनोद वर्मा, महेन्द्र छाबड़ा, सुरेन्द्र शर्मा, धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, सुरेन्द्र वर्मा, डॉ. अजय साहू, राम गिडलानी, चंद्रदेव राय, श्रीकुमार मेनन, शिवसिंह ठाकुर, आकाश तिवारी, एजाज ढेबर, सुनील बाजारी, सलाम रिजवी, दीपा बग्गा, कमलाकांत शुक्ला, दिलीप चौहान, पप्पू बंजारे, अविनय दुबे, बबीता नत्थानी, शब्बीर खान, आनंद मिश्रा, नवीन चंद्राकर, प्रशांत ठेंगड़ी, देवकुमार साहू, दिनेश शुक्ला, पिंकी बाघ, भुवनेश्वरी डहरिया, पुष्पराज वैद्य, अखिलेश जोशी, ओम श्रीवास, अनिल रायचुरा, शनाया परविन, सुंदर जोगी उपस्थित थे।

### चार राज्यों में उपचुनाव का बजा बिगुल

**नई दिल्ली,25 मई।** चार राज्यों में उपचुनाव का बजा बिगुल, 19 जून को होगा मतदान, वोटिंग से पहले मोबाइल फोन को लेकर ख़ास निर्देश जारीचुनाव आयोग ने देश के चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की घोषणा कर दी है। गुजरात, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल की विधानसभा सीटों पर उपचुनाव कराने के लिए तिथियों का ऐलान कर दिया गया है। इन उपचुनावों के लिए वोटिंग 19 जून को कराई जाएगी, जबकि मतगणना 23 जून को होगी। मतदान प्रक्रिया में कोई व्यवधान न आए.

## अयोध्या पहुंचे विराट और अनुष्का रामलला और हनुमान जी के किए दर्शन

**लखनऊ,25 मई।** क्रिकेटर विराट कोहली और अभिनेत्री अनुष्का शर्मा रविवार को अयोध्या पहुंचे. दोनों ने सुबह 7 बजे रामलला के दर्शन किया. इसके बाद करीब आधे घंटे तक दोनों मंदिर परिसर का भ्रमण किया और राम दरबार समेत पूरे मंदिर को देखा. रामलला के दर्शन करने के बाद दोनों हनुमानगढ़ी पहुंचे. यहां पर भी करीब 20 मिनट तक दर्शन-पूजन किया के बाद दोनों लखनऊ रवाना हो गए. विराट ने हनुमानगढ़ी में श्री हनुमान जी को सवा किलो लड्डू और फूलों की




माला चढ़ाई. जिसके बाद मंदिर के पुजारी ने उन्हें प्रसाद और आशीर्वाद दिया. फिर दोनों ने मंदिर की परिक्रमा की. इस दौरान दौरान दोनों ने मीडिया से दूरी बनाए रखी. बता दें कि इससे पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के अगले दिन यानी 13 मई को विराट और अनुष्का वृंदावन पहुंचे थे. यहां उन्होंने केली कुंज आश्रम में प्रेमानंद महाराज का दर्शन किया था. ये विराट कोहली का वृंदावन का यह तीसरा दौरा था. इससे पहले वह 4 जनवरी 2023 और 10 जनवरी 2025 को वृंदावन आए थे. दोनों बार उन्होंने प्रेमानंद महाराज से मुलाकात की थी.

## व्यापारी के घर सात नकाबपोशों ने दिया लूट को अंजाम

### जाते-जाते पुलिस को इत्तला नहीं करने की दी हिदायत

**गरियाबंद,25 मई।** जिले के छुरा थाना के चरौदा गांव में बीती रात 7 नकाबपोशों ने व्यापारी के घर घुसकर चाकू की नोक पर लूट को अंजाम दिया. लुटेरे घर में रखे तीन से चार लाख रुपये नगद के साथ लगभग 400 ग्राम सोने के जेवर लूटकर ले भागे. घटना के बाद पुलिस पड़ताल में जुटी है लुटेरों ने चरौदा गांव में निवासरत सूर्यकांत अग्रवाल के घर लूट को अंजाम दिया. नकाबपोश लुटेरों ने घर के पीछे से अंदर प्रवेश किया. इसके बाद घर के सदस्यों से मोबाइल लूटकर एक कमरे में बंद



कर लूट को अंजाम दिया. जाते-जाते लुटेरों ने पुलिस को खबर नहीं करने की हिदायत तक दे डाली. व्यापारी ने लुटेरों के जाने के बाद पुलिस को घटना की जानकारी दी. सुबह होते ही मौके पर पहुंची पुलिस जांच टीम वारदात को अंजाम देने के तरीकों के साथ लुटरों के बारे में पूछताछ में जुटी है. पुलिस के आला अफसरों ने जल्द की अपराधियों तक पहुंचने की बात कही है.

## सरकारी नौकरी में ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण की मांग

**बिलासपुर,25 मई।** हाई कोर्ट में याचिका दायर कर शासकीय सेवा में ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आरक्षण लागू करने की मांग की गई है. मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने शासन को 4 सप्ताह में जवाब मांगा है, वहीं याचिकाकर्ता को दो सप्ताह के भीतर प्रत्युत्तर दाखिल करने कहा है. मामले की सुनवाई जस्टिस अमितेश किशोर प्रसाद की सिंगल बेंच में हुई. पुष्पराज सिंह व अन्य ने एडवोकेट योगेश चंद्रा के माध्यम से हाई कोर्ट में रिट पिटीशन लगाई है, जिसमें कहा गया है, कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए अन्य राज्यों में आरक्षण लागू किया गया है, वहीं सार्वजनिक रोजगार में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है, लेकिन छत्तीसगढ़ लोक सेवा अध्यादेश-2019 पहले ही लागू करने के बाद भी अब तक राज्य में अब तक ईडब्ल्यूएस श्रेणी को 10 प्रतिशत की सीमा तक आरक्षण प्रदान नहीं किया गया है. बता दें कि 12 जनवरी 2019 भारत के संविधान के अनुच्छेद 15 और 16 में संशोधन किया गया, जिससे राज्य को ईडब्ल्यूएस श्रेणी को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की शक्ति प्रदान की गई है. 19 जनवरी 2019 को भारत संघ ने ईडब्ल्यूएस श्रेणी को 10 प्रतिशत आरक्षण दिया. इसके बाद 4-सितंबर 2019 को छत्तीसगढ़ राज्य द्वारा जारी अध्यादेश तथा लोक सेवा संशोधन अध्यादेश की धारा 4 के अनुसार, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को 10 प्रतिशत आरक्षण का प्रस्ताव किया गया. इस संबंध में 29 अप्रैल 2024 को याचिकाकर्ताओं ने अभ्यावेदन भी प्रस्तुत किया था.

● **हाई कोर्ट ने शासन से 4 सप्ताह में मांगा जवाब**

## विपक्षी मुख्यमंत्रियों संग चाय पर पीएम की चर्चा, हंसी ठहाके भी खूब लगे

**नई दिल्ली,25 मई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज दिल्ली में नीति आयोग की बैठक के दौरान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और अन्य मुख्यमंत्रियों के साथ बातचीत की। इस दौरान वह चाय की चुस्की का आनंद लेते हुए भी नजर आए। विपक्ष शासित मुख्यमंत्रियों के साथ प्रधानमंत्री की हंसते-मुस्कुराते फोटो सामने आईं। कई तस्वीरें ऐसी भी आई जिसमें पीएम मोदी गर्मजोशी से विपक्षी मुख्यमंत्री से मिल रहे हैं। तस्वीरों में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पीएम मोदी पीठ थप-थपाते हुए भी नजर आ रहे हैं। वही भगवंत मान के साथ उनके अच्छी चर्चा भी दिख रही है। हालांकि, सभी मुलाकातों में एक सामान्य चीज यह रही कि प्रधानमंत्री के साथ हमेशा चंद्रबाबू नायडू भी मौजूद रहे। हाल में देखें तो केंद्र और तमिलनाडु सरकार के बीच तनातनी की स्थिति देखने को मिली। आज एमके स्टालिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बॉन्डिंग भी अच्छी लगी जब दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे। ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान के साथ भारत की शत्रुता के बाद प्रधानमंत्री की राज्य के मुख्यमंत्रियों के साथ यह पहली बैठक थी। पर्यटन की पिच से पता चलता है कि कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हमले के बावजूद सरकार बेपरवाह बनी हुई है। आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद पर्यटकों का पलायन शुरू हो गया है। इस बैठक में पुडुचेरी, कर्नाटक और केरल के दक्षिणी मुख्यमंत्रियों ने भाग नहीं लिया। आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और तेलंगाना के मुख्यमंत्री - एन चंद्रबाबू नायडू, एमके स्टालिन और रेवंत रेड्डी - मौजूद थे। जम्मू-कश्मीर के उमर अब्दुल्ला और हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सुखू भी बैठक में शामिल हुए।

## एक नजर

### म्यूल खाता से लेन-देन, दो गिरफ्तार



**दुर्ग, 25 मई।** दुर्ग जिले में म्यूल अकाउंट के जरिए अवैध लेन-देन का मामला प्रकाश में आया है खाताधारक ने ऑनलाइन ठगी का पैसा अपने खाते में ट्रांसफर करवाए। सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एंट्री क्राइम, साइबर यूनिट और नंदिन पुलिस ने संयुक्त रूप से इस पूरे मामले का खुलासा किया है क्राइम डीएसपी अजय सिंह ने बताया कि म्यूल अकाउंट के धारक धर्मेन्द्र निर्मलकर जिसका अकाउंट एचडीएफसी बैंक में है उस अकाउंट को चेक किया गया, जिसमें ठगी के पैसों का लेनदेन हुआ था। धर्मेन्द्र निर्मलकर से उसके अकाउंट में ठगी का पैसा आने के बारे में पूछताछ की गई उसने बताया कि वह अपना अकाउंट अपने दोस्त आकाश राजपूत को यह जानते हुये कि उक्त अकाउंट में ऑनलाइन ठगी का पैसा प्राप्त करने हेतु उपयोग करने दिया है उक्त अकाउंट में 5 हजार रुपए ठगी का पैसा जमा हुआ था दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया ।

### जान से मारने की धमकी

**भिलाई, 25 मई।** भिलाई युवक को बंधक बनाकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ प्रार्थी ने शिकायत दर्ज कराई है खुर्सीपार थाने पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच में लिया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि प्रार्थी हरीश कुमार सोनी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उज्जवल सिंह, इंद्रजीत उर्फ टकली, शुभम सिंह एवं उसका एक अन्य साथी ने एक राय होकर उसका अपहरण किया और बंधक बनाकर गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर मारपीट करते रहे प्रार्थी ने बताया कि पूर्व में वह अपने पुराने मालिक उज्जवल सिंह जो नवातरिया जामुल में रहता है उसके पास आरा मिल में सुपरवाइजर का वह काम करता था वर्तमान में वह हरीश शुक्ला के कुम्हारी स्थित आरा मिल में सुपरवाइजर का काम करता है उज्जवल सिंह ने कहा कि जो तेरा पेमेंट बचा हुआ है तू कैनाल रोड में टकली के घर के पास खुर्सीपार में आकर मिल और अपना पेमेंट ले जा इस पर प्रार्थी हरीश सोनी कैनाल रोड तेलघानी किराना स्टोर के पास खुर्सीपार पहुंचा वहां पर उज्जवल सिंह पहले से अपनी काले रंग की स्विफ्ट डिजायर कार में बैठा हुआ था जिसे शुभम सिंह चला रहा था और बाजू में उज्जवल सिंह बैठा हुआ था पीछे में इंद्रजीत उर्फ टकली और उसके अन्य साथी बैठे थे जब प्रार्थी कार के पास गया तो उज्जवल सिंह ने उसे कार में बैठने के लिए कहा इसके बाद आरोपियों ने एक नया मकान बन रहा था वहां उसे लेकर गए। निर्माणाधीन मकान के पहले मंजिल पर बने कमरे में ले जाने के बाद उज्जवल सिंह प्रार्थी को बोला कि तू मेरे नशे के कार्य को जानता है मेरी मुखबिरी किया है हम लोग तेरा अपहरण किए हैं और तुझे इसका अंजाम भुगतना होगा इसके बाद उज्जवल सिंह ने टकली एवं अन्य लोगों को बोला कि रात भर इसको पीटो अगर भागने की कोशिश करता है तो बिना सोचे इसकी हालत खराब कर देना रात भर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। प्रार्थी ने किसी तरह अपने भाई सतीश सोनी को फोन कर घटना की जानकारी दी इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर।

### अवैध घुसपैठ, दो महिलाएं गिरफ्तार



**भिलाई, 25 मई।** दुर्ग मोहन नगर थाना क्षेत्र में अवैध रूप से घुसपैठ कर रहने वाली 2 बांग्लादेशी महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बांग्लादेशी महिला पिछले कई साल से रायपुर में अपना नाम और पहचान छुपा कर रह रही थी। पुलिस की गठित एसटीएफ टीम ने इस बांग्लादेशी महिला पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि दो दिन पूर्व जयंती नगर में सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ था ये दोनो बांग्लादेशी महिलाएं भी उनके साथ पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। महिलाओं से दस्तावेज और मोबाइल रिकार्ड की जांच करने पर दोनो महिलाए पिछले 8 सालो से रायपुर में रहते थे पकड़े गए महिलाए कॉल सेंटर और स्पा सेंटर में काम करती थी। महिलाओं ने अपनी पहचान बदलकर रहने वाली बांग्लादेशी महिला सनैय्या नूर अपना नाम बदलकर सपना शर्मा के नाम से पहचान छुपा कर रहे रही थी। और आधार में सपना ने फर्जी तरीके से पति का नाम अभय शर्मा लिखकर आधार कार्ड बनाई थी वही दूसरी बांग्लादेशी महिला खुशबू पासवान ने अपना नाम बदलकर खुशबू बेगम ने भी अपना नाम बदलकर अपना फर्जी दस्तावेज तैयार की थी दो बांग्लादेशी महिला पिछले 8 सालो से रायपुर में रहते थे। छत्तीसगढ़ पुलिस के द्वारा अवैध घुसपैठियों को पकड़ने के लिए गठित एसटीएफ की टीम ने यह कार्रवाई की है। पुलिस बांग्लादेशियो को संरक्षण देने वालो के खिलाफ भी कार्यवाही करेगी।पुलिस ने दोनो बांग्लादेशी महिलाएं को खिलाफ मामला दर्ज कर दोनो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है ।

### यूटिलिटी जोन के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार से किया गया सम्मानित



**भिलाई, 25 मई।** सेल. भिलाई इस्पात संयंत्र के यूटिलिटी ज़ोन के चार कर्मियों को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अनिल कुमार जोशी ने की। इंजीनियरिंग एसोसिएट शुक्ला प्रसाद खरे जनवरी 2025 के लिए जूनियर इंजीनियर मिलिंद कुमार श्यामकुवर, फरवरी 2025 के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट पीयूष यादव एवं मार्च 2025 के लिए जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट हरतोष कुमार पाण्डेय को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



# बोईर रोटी बेच रही महिला से विजय शर्मा ने रोटी खरीदी और खाकर की खूब तारीफ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 25 मई।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का सादगी भरा व्यवहार एक बार फिर लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। आज कवर्धा के ऐतिहासिक भोरमदेव मंदिर परिसर में दिल को छू लेने वाला दृश्य देखने को मिला। जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा आज अपने प्रवास के दौरान कबीरधाम जिले के प्रसिद्ध भोरमदेव मंदिर परिसर अवलोकन करने पहुंचे। अवलोकन के दौरान उनकी नजर एक महिला पर पड़ी, जो सादगी से बोईर रोटी बेच रही थी। उपमुख्यमंत्री बिना किसी औपचारिकता के सीधे महिला के पास पहुंचे और आत्मीयता के साथ संवाद किया।

बुजुर्ग महिला पहले तो आश्चर्यचकित हुई, लेकिन श्री शर्मा की विनम्रता और अपनापन देख भावविभोर हो गई। उपमुख्यमंत्री ने न केवल उसकी बनाई बोईर रोटी खरीदी, बल्कि स्वाद लेकर खाई भी। यह दृश्य वहां मौजूद लोगों के कैमरे में कैद हो गया।

# बिहार दौरे से लौटे विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों से की मुलाकात



**भिलाई, 25 मई।** विधायक देवेंद्र यादव ने शनिवार को सेक्टर 5 स्थित कार्यालय में लोगों से भेंट मुलाकात की। बिहार दौरा से लौटने के बाद विधायक देवेंद्र यादव ने लोगों से मिलए सभी से मिलकर हालचाल पूछा। सुबह से ही लोगों की भी? लगनी शुरू हो गई थी। जहां उन्होंने युवाए महिलाएंए विभिन्न समाज के प्रतिनिधि मंडल भी मुलाकात करने पहुंचे। सभी ने विधायक का कुशलक्षेम जानाए हालचाल पूछा। विधायक से लेकर लोगों ने अपनी समस्या भी बताई जिनके समस्याओं का समाधान किया। सबसे ज्यादा परेशान खुर्सीपार क्षेत्र की जनता रही। क्षेत्र से सैक?ों की संख्या में लोग पहुंचे थेए जिन्होंने विधायक देवेंद्र यादव को बताया कि उनके क्षेत्र में सीवर लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए लोगों को मकान तो? जा रहे है। कई जगह में सीवर लाइन के लिए खुदाई करके छो? दिया गया है। इस वजह से क्षेत्र के लोग बहुत परेशान है। लोगों ने आने वाले बारिश के सीजन को देखते हुए ब?ी परेशानी निर्मित होने की आशंका जताते हुए खतरे से निपटने पहले से ही पहल करने की मांग की है। इस पर विधायक देवेंद्र यादव ने आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही निगम प्रशासन के साथ बैठक करेंगे और बीच का रास्ता निकालेंगे ताकि लोगों को परेशानी ना हो और काम भी हो जाए। इसके अलावा टाउनशिप के लोगों ने विधायक से शिकायत की है कि बार.बार बिजली गुल हो रही है। 12 से 14 घंटे तक लाइट गुल रहता है। बीएसपी के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी वे कोई पहल नहीं करते है। इसके अलावा कई सेक्टर के लोगों को बीएसपी नोटिस दे रहा है। व्यापारियों को नोटिस देकर परेशान किया जा रहा है। इसकी भी शिकायत की गई है। विधायक ने सभी को आश्वासन दिया है कि वे जल्द ही अफसरों के साथ बैठक करके चर्चा करेंगे और समस्याओं का समाधान करेंगे।

### संयंत्र स्तरीय सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का हुआ समापन



**भिलाई, 25 मई।** सेल.भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआरएलएंडडी केंद्र में ईडी वर्क्स प्लांट स्तरीय सेफ्टी क्विज़ प्रतियोगिता का समापन समारोह 24 मई को संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में विजेता के रूप में अक्रश उपाध्याय एवं मनीष को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। असीम खान एवं हरिशंकर की टीम द्वितीय स्थान पर रहीए जबकि राहुल एवं पंकज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों विजेता टीमों सहित सभी जोनल विजेताओं को कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार सहित वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता की संपूर्ण यात्रा का प्रस्तुतीकरण वरिष्ठ महाप्रबंधक अवनीश दुबे द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी तापस दासगुप्ता ने प्रतियोगिता को अब तक का सबसे भव्य सेफ्टी क्विज़ बताते हुए कहा कि यह कार्यक्रम नीचे से ऊपर तक सुरक्षा जागरूकता विकसित करने का सशक्त माध्यम बना है। उन्होंने संविदा कर्मियों की सक्रिय सहभागिता की विशेष सराहना की। मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी ने अपने स्वागत भाषण दिया। महाप्रबंधक सुश्री पुष्पा एम्ब्रोज़ ने धन्यवाद ज्ञापन एवं संचालन प्रबंधक सुश्री फ्लोमिना एक्का एवं उप प्रबंधक सुमित द्वारा किया गया।

# भावना बोहरा ने 70 लाख रुपए से विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 25 मई।** पंडरिया विधानसभा के ग्रामीण अंचलों में जनता की सुविधाओं और विकास हेतु विधायक भावना बोहरा द्वारा निरंतर अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विधायक भावना बोहरा ने ग्राम कुम्ही बोड़तरा खुर्द और छीतापार कला में 70 लाख रुपए से अधिक की लागत से होने वाले चेक डेम सीसी रोड, सामुदायिक भवन, आंगनबाड़ी केंद्र और शौचालय निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया और ग्रामवासियों को बधाई दी। इस दौरान ग्राम कुम्ही में 15 लाख 72 हजार रुपए की लागत से आंगनबाड़ी केंद्र व शौचालय, ग्राम बोड़तरा खुर्द में 20 लाख की लागत से चेकडेम और ग्राम छीतापार कला में 20 लाख की लागत से चेकडेम, 10 लाख की लागत से सामुदायिक भवन, 2 लाख 60 हजार की लागत से सीसी रोड एवं 2 लाख रुपए की लागत से मंच निर्माण कार्य, इस प्रकार कुल 70 लाख 32 हजार रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों की बहुप्रतीक्षित मांग कुम्ही से बोड़तरा मार्ग का 3 करोड़ 32 लाख 45 हजार रुपए की लगात से होने वाला नवीनीकरण कार्य भी प्रगति पर है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि किसी भी प्रदेश की उन्नति तभी हो सकती है जब वहां के गाँव में सुविधाओं और संसधानों का निरंतर विकास होता है। समय के साथ कदम से कदम मिलाकर जनता की सुविधाओं का विस्तार करना और अधोसंरचना निर्माण एवं विकास कार्यों को गति देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ जनता को मिले, सुगम आवागमन, मूलभूत सुविधाएँ, सामाजिक व सांस्कृतिक योजनाओं के लिए भवन व मंच, पक्के आवास, स्वच्छ पेयजल एवं बिजली जैसे आवश्यक सुविधाओं का निरंतर विस्तार हो यही हमारा लक्ष्य है। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है तब से छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास से लेकर कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से जन-जन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आ रहा है। पंडरिया विधानसभा में विकास कार्य प्रगति पर हैं, जनता को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास और ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिस प्रकार हमारी सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है उसके सकारात्मक परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिख रहा है। आज गाँव-गाँव में पक्की सड़कों का निर्माण हो रहा है, जल जीवन मिशन से शुद्ध पानी पहुँच रहा है, पर्याप्त बिजली की आपूर्ति से हर गाँव रोशन हो रहा है, महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं, पक्के आवास, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है, योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिल रहा है, ये सभी विष्णु के सुशासन एवं डबल इंजन सरकार में ही सार्थक हो रहें हैं। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में संचालित सुशासन तिहार से सरकार सीधे जनता के घर व गाँव पहुंचकर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहें हैं। सेवा और सुशासन यही छत्तीसगढ़ की डबल इंजन भाजपा सरकार का उद्देश्य और लक्ष्य है।इस अवसर पर भाजपा के पदाधिकारी,कार्यकर्ता,जनप्रतिनिधि एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# देश सेवा के बाद घर वापसी पर जवान का देवादा में पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



**उतई,25 मई।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की गांव देवादा में थल सेना के जवान 30 साल 4 दिन देश सेवा पूरी कर घर वापस पहुंचा तो लोगों की आंखें नम हो गई। जवान के गांव आगमन पर पूरे ग्रामीणो ने भारतमाता की जयकारे और फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। देशभक्ति गीतों के साथ ग्रामीणों ने भारत माता की जयकारे लगाते पुष्प वर्षा करते हुए जवान को उनके घर पहुंचाया।घर पहुंचने पर जवान की माताजी शैलदेवी शर्मा ने आरती उतार कर तिलक लगाकर स्वागत की। अपने बेटे को 30 साल बाद घर वापसी पर गले लगा। इस पल को देख कर उपस्थित लोगों की आँखें खुशी से छलक गए।आर्मी जवान प्रेम नारायण गांव में पहुंचते ही सबसे पहले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की याद में बने स्मृति कुंज पहुंचकर गांव के सभी सेनानियों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।मौके पर प्रमुख रूप से नीलेश्वर प्रसाद शर्मा,शैल देवी शर्मा, केपी शर्मा, नीलू वर्मा, राजेंद्र वर्मा , प्रवीण शर्मा, जयंत वर्मा, ईश्वरी वर्मा, गायत्री शर्मा, खिलेश वर्मा, पोषण वर्मा,भोला राम, पोषण शर्मा, राजू शर्मा,रविशंकर, लाला शर्मा, लक्ष्मीएनीलू वर्मा ,सोहन साहू, आलोक वर्मा, भोला राजू वर्मा, रविन्द्र शर्मा,राकेश वर्मा, जितेंद्र निर्मल, धर्मेद वर्मा,ढाल सिंह, प्रज्ञा,प्रथा, प्रकृति, चंचल वर्मा, रामबाई ठाकुर,रमा वर्मा, सरिता साहू, शीला वर्मा,सीमा शर्मा, प्रभा वर्मा,सरस्वती वर्मा, पुष्पा यादव,गोपाल शर्मा, पंकज वर्मा ,पुष्कर साहू सहित ग्रामीण एवं परिजन उपस्थित थे।

### अंकुश ने किया महर्षि चरक की नयनाभिराम प्रतिमा का निर्माण



**भिलाई, 25 मई।** सुप्रसिद्ध मूर्तिकार डा. अंकुश देवांगन ने आयुर्वेद विशारद महर्षि चरक की नयनाभिराम प्रतिमा का निर्माण किया है। यह छत्तीसग? राज्य में महर्षि चरक की प्रथम मूर्ति है। जिसके लिए प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डीएसण्विद्यार्थी, बीएल सोनी, विजय शर्मा, मोहन बरालए समाजसेवी विमान भट्टाचार्यए पीण्वाल्सन,ए प्रवीण कालमेघ, मीना देवांगन और साहित्यकार मेनका वर्मा ने उन्हें बधाई दी है।



### विधायक ने प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त तुणीर का किया सम्मान

**उतई,25 मई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला आलबरस की कक्षा आठवीं की छात्रा कु. तुनीर साहू पिता - श्री महेश साहू ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में राज्य स्तर पर पंचम स्थान तथा जिला दुर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।*आज इन होनहार विद्यार्थियों से दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने अपने निज निवास पर मुलाकात कर शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इन विद्यार्थियों की यह उपलब्धि निश्चित ही क्षेत्र के अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगी।

# जो जल का संरक्षण करता है लक्ष्मी हमेशा उसके साथ रहती है : आयुक्त



**भिलाई, 25 मई।** नगर निगम भिलाई के सभागार में पंडित दीनदयाल उपाध्याय भूजल संवर्धन शहरी के अंतर्गत संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य था वर्षा के जल को संरक्षित करने के लिए सबको प्रेरित किया जाए। इसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग के विशेषज्ञों द्वारा बताया गया कि हम किस प्रकार से बरसात के समय अपने छत के जल को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से धरती के डाल करके जल स्तर को बढ़ा सकते हैं। इसके विभिन्न पद्धतियों के बारे में भी बताया गया। सामूहिक विचार विमर्श के दौरान दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने बताया पानी की कीमत उनसे जाकर पूछा जाए जो लोग दूर.दूर से पानी भरकर लाते हैं। महापौर नीरज पाल ने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग अभी एवं आने वाली पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी है। पहले 70 80 फीट पर पानी आता था अब 200 फीट भी बोर कर देते हैं पानी नहीं निकलता है। आयुक्त राजीव कुमार पांडे ने बताया कि शास्त्रों में लिखा गया है जो जल का संरक्षण करता हैए लक्ष्मी हमेशा उसके साथ रहती है । वह परिवार खुशहाल रहता है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग विशेषज्ञ मधुर चितलांगिया ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से यह समझाया कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग करने का अलग.अलग प्रकार का स्वरूप है। जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी वीएन पांडे ने सुझाव दिया कि नगर निगम भिलाई क्षेत्र 150 से अधिक उद्यान हैं उन उद्यानों के क्षेत्रफल के आधार पर तीन स्तरीय रेन वाटर हार्वेस्टिंग बनाना चाहिए। बीएसपी के जल विभाग से रिटायर्ड देवांगन ने बताया मैं 35 सालों से भूजल संरक्षण पर कार्य कर रहा हूंए धरती के अंदर जो भी जल जाता है वह किसी ने किसी रूप में धरती के अंदर समा जाता है। अशोक इमानुएल एससीआर कंस्ट्रक्शन के तुलेश्वर राम साहू एवं मुनेश पांडे ने छत का पानी किस प्रकार से सिस्टम लगा करके सीधे बोरवेल में डाला जा सकता है इसके बारे में प्रेजेंटेशन दिए। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के सचिव अजय भसीन ने सुझाव दिया हम सब व्यापारिक वर्ग नगर निगम भिलाई के साथ है मार्केट में सामूहिक रूप से रेनवाल वाटर हार्वेस्टिंग बनाया जाए। संगोष्ठी के दौरान अपने विचार रखने वाले नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हाए जल विभाग के प्रभारी केशव चौबेए सीजू एंथोनीए संदीप निरंकारीए महेश वर्मा संतोष मौर्याए सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह ने अपने विचार रखें। इस दौरान पार्षद नोहर वर्मा जोन आयुक्त अजय राजपूत, ऐसा लहरेए सतीश यादवए अमरनाथ दुबे, कुलदीप गुप्ताए बिल्डिंग परमिशन अधिकारी अरविंद शर्माए निगम के अभियंता गणए बिल्डर्सए इंजीनियर्सए हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारीए सामाजिक कार्यकर्ता आदि सबके उपस्थिति में सांसद विजय बघेल ने सबको संकल्प दिलवाया कि हम सब लोग मिलकर के पानी को बचाएंगे, खुद पानी का दुरुपयोग नहीं करेंगेए दूसरों को नहीं करने के लिए प्रेरित करेंगे।



### धान की पैदावार कम हो इसलिए किसानों को बांट रहे कम पैदावार वाली खाद : राकेश ठाकुर

**उतई।** विधानसभा क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति सांकरा, जामगांव(एम) व तर्रा का जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी, दुर्ग (ग्रामीण) राकेश ठाकुर ने किसानों से लगातार मिल रहे शिकायत को देखते हुवे शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया ।निरीक्षण के दौरान पाया गया कि समितियों में डीएपी खाद जो किसानों को अधिकतम पसंद है व डीएपी खाद से ही किसानों को सबसे ज्यादा पैदावार होता है उस खाद को धीरे धीरे बंद कर करने जा रही है। कुछ समितियों को ही छोड़कर अधिकतम में डीएपी खाद उपलब्ध नही है। इस दौरान समारू सिंगौर, प्रेमलाल सिंगौर, रामशरण बंधे, दुलार चंद्राकर, योगेश चंद्राकर, शीतल चंद्राकर, हितेश कुमार निर्मलकर, लक्की यदु, नोगेन्द्र यदु, अमृत, धनेश्वर साहू, गोविंदा निषाद, चंद्रकांत निषाद, निखिल निर्मलकर सहित अन्य मौजूद थे।

### कार्तिक की पुस्तक का विमोचन

**भिलाई, 25 मई।** माय एफएम जयपुर के राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात आरजे कार्तिक की पुस्तक, कर दिखाओ कुछ ऐसा का विमोचन सचदेवा न्यू पीटी कॉलेज के डायरेक्टर, करियर काउंसलर एवं पैरेंटिंग कोच चिरंजीव जैन ने किया। समाजसेवी चिरंजीव जैन ऐसे शिक्षाविद हैं जिनने स्वयं फीस देकर आर्थिक दृष्टि से कमजोर अनेक छात्रों को डॉक्टर, इंजीनियर बनाने में मदद की।



# उत्साह के साथ मीडिया प्रतिनिधि, युवा व बच्चे शामिल हुए संडे साइकिलिंग रैली में

## भारतीय खेल प्राधिकरण ने किया स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए मीडिया प्रतिनिधियों के लिए फिट इंडिया संडे साइकिलिंग रैली का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 25 मई।** भारतीय खेल प्राधिकरण साई द्वारा खेलो इंडिया फिट इंडिया अंतर्गत स्वास्थ्य एवं फिटनेस के प्रति जागरूकता लाने के लिए आज अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम गौरव पथ राजनांदगांव में सुबह मीडिया प्रतिनिधियों के लिए फिट इंडिया संडे साइकिलिंग रैली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि एवं साई हॉस्टल के बच्चे उपस्थित रहे। इस अवसर पर संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने साइकल रैली को झण्डी दिखाकर रवाना किया। उत्साह एवं ऊर्जा के साथ मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बच्चों एवं युवाओं ने भी सायकल रैली में भाग लिया। खुशी जाहिर करते हुए सभी ने सेल्फी जोन में सेल्फी ली।

संयुक्त संचालक जनसंपर्क डॉ. उषा किरण बड़ाईक ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधि कठिन परिश्रम करते है और उनकी दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित होती है। ऐसे में स्वास्थ्य का ध्यान रखना उनके लिए चुनौतीपूर्ण होता है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देना बहुत जरूरी है। इस सायकल रैली के माध्यम से मीडिया के प्रतिनिधियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास किया गया है, ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए फिजिकल एक्टीविटी को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। साई हॉस्टल के प्रभारी एवं बास्केटबाल कोच पंकज पाण्डेय ने कहा कि मीडिया प्रतिनिधियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के लिए प्रयास किया गया, ताकि जो समय नहीं निकाल पा रहे है, वे रविवार को समय निकालकर फिटनेस के लिए कार्य करें। उन्होंने बताया कि हर रविवार को डॉक्टर, नर्स, पुलिस, बार काउंसलिंग के साथ सायकल रैली का आयोजन किया गया है। कार्य के बावजूद अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय निकालकर प्रतिदिन सायकल चलाने एवं अन्य गतिविधियों को अपनाना चाहिए।




वरिष्ठ पत्रकार संदीप साहू ने कहा कि सायकल रैली के माध्यम से पत्रकार साथियों को इस आयोजन से जोड़ा गया है। सुबह उठ कर सायकल या कोई भी एक फिजिकल एक्टिविटी जरूर अपनाएं, जिससे आप स्वस्थ महसूस करेंगे। उन्होंने इस योजना के लिए साई तथा जनसंपर्क विभाग को बधाई दी। मीडिया प्रतिनिधि परमानंद रजक ने कहा कि सायकल चलाने पर स्वास्थ्य पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। बीमारियों को दूर करने के लिए सायकल एक अच्छी गतिविधि है। मीडिया प्रतिनिधि प्रमोद शेण्डे ने बताया कि वे हाकी खिलाड़ी और बास्केटबाल के लिए राष्ट्रीय स्तर के लिए खिलाड़ी रहे है।

# एक नजर

### बाबा मरसपोटा धाम में शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारी की जा रही

**राजनांदगांव, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा स्थित बाबा मरस पोटा धाम में 27 मई दिन मंगलवार शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारी भव्य रूप की जा रही सुबह से शनि चालीसा का पाठ / अभिषेक एवं महा आरती के बाद चना गुड़ तील का लड्डू एवं खिचड़ी का प्रसाद वितरण भक्तों को किया जाएगा राजनांदगांव शहर से 16 किलो मीटर दूर वनचेतना मनगटा मार्ग ग्राम बघेरा में स्थित बाबा मरस पोटा धाम में मद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ एवं नवरात्रि नवदिन भंडारा हनुमान जन्मोत्सव कन्या विवाह आयोजन के बाद शनिदेव जन्मोत्सव की तैयारी शुरू हो गई है पुरे मंदिर प्रांगण को झंडा तोरण से सजाया जा रहा है। बाबा मरस पोटा धाम में 21 फीट भव्य हनुमान जी/17 फीट जय मां महाकाली 18 फीट नंदी महाराज 12 ज्योतिलिंग/शनि देव/विशाल कछुआ/गणपति मूर्ति आकर्षण का केंद्र बना हुआ है बढ़ी संख्या में भक्त रोजाना दर्शन करने दुर दुर से आते हैं। बाबा मरस पोटा धाम के संरक्षक राकेश श्रीवास्तव/अध्यक्ष दिलीप साहु/ राजकुमार देवांगन/रवि साहु/विकास लिमजा /अनमोल पगारे/नीलकंठ यादव /संजय यादव/ पुरषोत्तम साहु/ साहु/ थरवेतन/चंदा निषाद/अर्जुन/गांधी साहु मुकेश निषाद दिलीप मेश्राम सहित बाबा मरस पोटा धाम समिति के सदस्यों शनिदेव जन्मोत्सव अवसर पर आयोजित भक्ति मय कार्यक्रम में भाग लेने की अपील भक्तों से की है




### दुष्यंत पन्द्रे ने मार्शल आर्ट नेशनल चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**डोंगरगढ़, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑन द राइस मार्शल आर्ट संस्था डोंगरगढ़ के दुष्यन्त पन्द्रे ने xrd कूडो नेशनल चैंपियनशिप कप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया यह प्रतियोगिता पुणे, महाराष्ट्र में 16 से 22 तक आयोजित था जिसमें सभी स्टेट के कूडो मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी उपस्थित थे यह मार्शल आर्ट 5- 6 खेल का मिश्रण है जैसे कराटे, बॉक्सिंग, वूशु, जूडो, ताइक्वांडो आदि इस मार्शल आर्ट खेल में पूरी तरह शरीर के बचाव के लिए हेलमेट, चेस्ट गार्ड, माउथ गार्ड, जैसे खेल उपकरण का प्रयोग किया जाता है जिससे खिलाड़ी को कम चोट हो यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता कूडो इंटरनेशनल फेडरेशन इंडिया द्वारा आयोजित की गई थी। इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में देशभर के 27 राज्यों से कुल 750 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ राज्य से कुल 23 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल हुए, अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा और स्वर्ण पदक जीत कर राज्य का नाम रोशन किया।यह प्रतियोगिता युवाओं में आत्मरक्षा, अनुशासन और खेल भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। वहीं दूसरी ओर दिल्ली में आयोजित ताइक्वांडो मार्शल आर्ट खेल जिसमें ऑन द राइस मार्शल आर्ट संस्था डोंगरगढ़ के खिलाड़ी शौर्य मिश्रा पिता महेश मिश्रा ने रजत पदक हासिल किया यह खेल स्टेअर्स नेशनल युवा मंत्रालय और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित की गई थी।



### डोंगरगढ़ जनपद के अंतर्गत 70 से अधिक पंचायतों का अनोखा कारनामा

# 1.38 करोड़ रुपए में बना सामुदायिक सोख्ता गड्ढा बरसात के पहले कहीं नजर नहीं आ रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 25 मई।** स्वच्छ भारत मिशन व 15 वें वित्त के मद के ग्राम पंचायत में बीते वर्ष 138 गांव में एक लाख की लागत से घटते जल स्तर को कम करने के लिए केंद्र सरकार के सहयोग से एक करोड़ 38 लख रुपए खर्च किए गए। जिसमें 70 हजार स्वच्छ भारत मिशन के मद से बाकी 30 हजार 15वें वित्त से भुगतान होना था. परंतु जमीनी स्तर पर यह कार्य 80 प्रतिशत से अधिक भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार 2023 -24 वित्त का यह काम पिछले वर्ष बरसात के बाद शुरू हुआ था। जो इस मानसून के आने के पहले आधे से अधिक जगह नजर नहीं आ रहा। जनपद के अधिकारियों ने इतनी ज्यादा लापरवाही बरती की कभी स्थल पर मुआयना करने तक नहीं गए। जिससे पूर्व के सरपंच व सचिव नें इस निर्माण कार्य में जमकर मनमानी कर पैसों का बंदर बाट कर लिया। जानकार बताते है कि यह योजना 2022-23 से शुरू की गई थी। उस वित्त वर्ष में 14 गांव में यह कार्य पूर्ण हुए। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हर गांव में 90हजार खर्च किए गए। वही 15वें वित्त के मद से 10-10 हजार रुपए आवंटित किए गए। परंतु उस दौरान भी यह योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया।



### अंदरुनी गांव में सबसे ज्यादा भर्राशाही

जब इस योजना की जमीनी हकीकत जानने का प्रयास किया तो पता चला कि वनांचल के जिन ग्राम पंचायत में 4 से 5 आश्रित ग्राम है. उन गांव में यह निर्माण कार्य कुछ महीनो में ही धराशाही हों गए। अधिकारियों ने भी ऐसे ग्रामों को चुना जहां इस कार्य पर कोई सवाल ना खड़े करें, और सब मिलकर पैसे का बंदर बाट कर सके। कार्यों का निरीक्षण के बाद टीम ने बताया कि 3. 50 मी का गड्ढा 1. 50 मी भी नहीं किया गया। कार्य में तीन प्रकार के पत्थर का उपयोग होना था। परंतु 100 से अधिक सोख्ता पीठों में 10 एमएम की गिट्टी का उपयोग कर अंदर किसी भी गिट्टी का उपयोग नहीं किया गया। जबकि इस कार्य में 20 एमएम और 60 एमएम पत्थर का उपयोग करना था। बताया जाता है कि इस पूरे भ्रष्टाचार में कई जनपद के अधिकारियों की मिली भगत है। परंतु सत्ता परिवर्तन के बाद वे अपने आप को दोष मुक्त मान रहे हैं। उनकी माने तो कार्य के फोटो के आधार पर ही भुगतान किया गया है। आगे सरपंच व सचिव जाने।

### भ्रष्टाचार ऐसा परिणाम कि 13 फीट तक घटा जलस्तर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग के अप्रैल की रिपोर्ट पर नजर डाले तो जमीनी हकीकत में ऐसे भ्रष्टाचार के कारण विकासखंड के अंतर्गत ऐसा कोई गांव नहीं देखा गया जहां जलस्तर नहीं घटा हों। ग्रामीणों की माने तो घटना जल स्तर लगातार समस्या बढ़ा रहा है। तालाबों का हाल ऐसा है कि गांव में अगर चार तालाब है तो दो सुख हैं। पंचायत को बोलो तो फंड का रोना रोते हैं।

## आंबा कार्यकर्ता ने किया सरकारी भूमि पर बेजा कब्जा, हटवाने ग्रामीणों ने लगाई गुहार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़, 25 मई।** डोंगरगढ़ विकासखंड के आदिवासी अंचल के क्षेत्र बोरतलाव क्षेत्र में ग्राम पंचायत पीपरखारकला में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कीर्ती तुमरे द्वारा सरकारी घास भूमि पर बेजा कब्जा कर घर के सामने बाउंड्री वॉल का अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया उन्होंने अवैध रूप से घर भी बना डाला है। जबकि पंचायत द्वारा इस स्थान का चयन पानी टंकी के लिए किया गया था। ग्राम के सरपंच बसंत कुमार उप सरपंच विश्राम पंच सुभेलाल विष्णुराम लखन देवकरण हरिचंद रामकिशोर उपकार सिंह कमलेश वर्मा सहित ग्रामवासियों ने भी अनविभागीय अधिकारी व तहसीलदार को अवैध कब्जा हटाने गुहार लगाई है। कब्जा नहीं हटाने की दशा में ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

*तहसीलदार को भेज कर जांच कराई जाएगी बेजा कब्जा होने पर उसे हटाने कार्रवाई की जाएगी।*

*मनोज मरकाम अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़*

## अंधेरे में डूबा विकास और सत्ता मना रहा सुशासन तिहार :रवि साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव, 25 मई।** जहां एक ओर छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में पूरे राज्य में 'सुशासन तिहार' मना रही है, वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के कई गांव बुनियादी सुविधाओं के अभाव में कराह रहे हैं। खुज्जी, बढ़भूम, करेठी और बाजार नवागांव समेत दर्जनों गांवों में बीते कई हफ्तों से अनियमित बिजली आपूर्ति ने आम जनता की परेशानी बढ़ा दी है। भीषण गर्मी में न तो पंखा चल रहा है, न ही किसान अपनी सिंचाई कर पा रहे हैं। कुछ छात्रों की ऑनलाइन क्लासेस भी रात दिन गुल होते बिजली से हलाकान है और रात में अंधेरे में बुजुर्ग और महिलाएं परेशान हैं। ग्रामीणों की नाराजगी बढ़ी है ङ्ग गर्भवती महिलाओं को रात दिन होने वाले बिजली कटौती से बहुत परेशानी होती है। वहीं बढ़भूम के एक बुजुर्ग किसान ने गुस्से में कहा, हमको तो अब त्यौहार से डर लगने लगा है, क्योंकि त्यौहार सरकार मनाती है और तकलीफहमें मिलती है।



इस स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए जनपद सदस्य और कांग्रेस नेता रवि कुमार साहू ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर सरकार पर तीखा कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, गांवों में बिजली नहीं, पानी नहीं, लेकिन सरकार सुशासन का ढोल पीट रही है। पोस्टरों में उजाला है, लेकिन हकीकत में गांव अंधकार में डूबे हैं। यह उत्सव नहीं, प्रशासनिक संवेदनहीनता का प्रदर्शन है।

**बिजली विभाग की चुप्पी भी सवालों के घेरे में:** स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद बिजली विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। अधिकारी जवाब देने से बच रहे हैं, जिससे जनता में नाराजगी और बढ़ रही है। रवि कुमार साहू ने सवाल उठाया, क्या सरकार सिर्फ शहरों में रोशनी जलाकर सुशासन का प्रमाण देना चाहती है? अगर गांव अंधेरे में हैं, तो यह त्यौहार किसके लिए है? भाजपा को आत्मचिंतन करना चाहिए कि उत्सव मनाने की बजाय वास्तविक काम कहाँ हो रहा है।

### ग्राम पंचायत बिटाल में सुनी गई मोदी की मन की बात

# मन की बात कार्यक्रम से देश और समाज के उत्थान में जुटी विभिन्न प्रतिभाओं एवं नवाचारों को मिला है एक सशक्त मंच : किरण वैष्णव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरिया, 25 मई।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 122वें एपिसोड का प्रसारण भाजपा मंडल गैंदाटोला के ग्राम बिटाल में श्रवण की।इस अवसर पर भाजपा मंडल गैंदाटोला अध्यक्ष खिलेश्वर साहु व जनपद पंचायत छुरिया सभापति भेष बाई साहू ने भी मन की बात कार्यक्रम श्रवण किया।इस अवसर पर किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री की बातों से सदैव हम सबों में एक नयी ऊर्जा का संचार होता है।'मन की बात' में पूरे देश के कोने-कोने से लोग जुड़े, हर आयु वर्ग के लोग जुड़े। मेरे लिए 'मन की बात' ईश्वर रूपी जनता-जनार्दन के चरणों में प्रसाद की थाल की तरह है।आज मन की बात कार्यक्रम में आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनेक विचार साझा करते हुए 'मन की बात' में कहा कि छत्तीसगढ़ में हुए बस्तर ह्य4द्वश्चद्वष्ह्य और माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्प्द्बद्गठ्ठष्द्ग स्द्बद्ग पर चर्चा कर चुके हैं।यहां के बच्चों में स्प्द्बद्गठ्ठष्द्ग का क्व्ह्यह्यद्बश्ठ है। वो स्श्चश्चह्लह्य में भी कमाल कर रहे हैं। ऐसे प्रयासों से पता चलता है कि इन इलाकों में रहने वाले लोग कितने साहसी होते हैं। इन लोगों ने तमाम चुनौतियों के बीच अपने जीवन को बेहतर बनाने की राह चुनी है।आदरणीय नरेन्द्र मोदी ने कहा कि मुझे यह जानकार भी बहुत खुशी हुई कि 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में दंतेवाड़ा जिले के नतीजे बहुत शानदार रहे हैं। मोदी ने आगे कहा कि बस से कहीं आना-जाना कितनी सामान्य बात है। लेकिन मैं आपको एक ऐसे गांव के बारे में बताना चाहता हूं, जहां पहली बार एक बस पहुंची।इस दिन का वहां के लोग वर्षों से इंतजार कर रहे थे। और जब गांव में पहली बार बस पहुंची तो लोगों ने ढोल-नगाड़े बजाकर उसका स्वागत किया।यह जगह है महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में, और इस गांव का नाम है, काटेझरी।आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफएकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही हैऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊंचा कर दिया है। जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि आज ऐसे अनेकों विचार माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के 122 वां संस्करण में अपने विचार साझा किए जो हमारे लिए प्रेरणादायक है।जो हम सभी को दोगुना ऊर्जा के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।इस अवसर पर खिलेश्वर साहू जी, अध्यक्ष भाजपा मण्डल गैदाटोला, भेष बाई साहू सभापति जनपद पं.छुरिया, कुमार साय समाज सेवी मंजू गेंदलाल साहू सरपंच बिटाल गेंदलाल साहू प्रतिनिधि सरपंच सीता वैष्णव, दीना कुलदीप हैदलकोड़ो, बरातु चन्द्रवंशी उप सरपंच , महेश यदु सरपंच खुर्सीपार भागवल ठाकुर तेलगांन लिखन साहू, योग राज साहू, गणेश ठाकुर, सेवती साहू, सीता वैष्णव, झगरी बाई साहू, परमानंद ठाकुर, द्रोणाचार्य साहु गहिराभेड़ी राजू ठावरे कोटवार अन्य ग्रामीणजन की गरीमामय उपस्थिति रही।



# समाचार संक्षेप

### छत्तीसगढ़ डडसेना कलार समाज के खंड महासभा में सम्मानित हुए जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा



**छुरिया, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छुरिया छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तरीय डडसेना सिन्हा कलार समाज के द्वारा खंड महासभा व नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह का आयोजन अभनपुर में रखा गया था, इस आयोजन के मुख्यातिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल व प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा के अध्यक्षता में प्रथम दिवस की बैठक का शुभारंभ कलार समाज के अधिष्ठात्री देवी माता बहादुर कलारीन व भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की छाया चित्र पर माल्यार्पण, पुष्प अर्पित कर किया गया। इस कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथियों का स्वागत सामाजिक पदाधिकारियों ने की साथ साथ ही छुरिया जनपद पंचायत के अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा व डोंगरगढ़ जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा एवम राजनांदगांव के नगर पालिक निगम के पार्षद रवि सिन्हा का मंत्री महोदय व प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा के हाथों सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जायसवाल ने निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को जनसेवा के साथ समाज सेवा पर भी काम करने की बात कही कार्यक्रम को प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा ने भी संबोधित किया। इस अवसर सिन्हा समाज के छत्तीसगढ़ अंचल के सभी जिले के पदाधिकारी व सामाजिक बंधु बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### बारिश जल संरक्षण करना हमारी प्राथमिकता:-किरण



**छुरिया, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** वर्षा जल संरक्षण के बारिश के पानी को रोकने के लिए जिला पंचायत राजनांदगांव के माध्यम से ग्राम पंचायत में जनजागरूक के छोटे छोटे नाला में बोरी बधान के माध्यम से वर्षा जल संरक्षण भूमिगत जल का संवर्धन किया जा रहा है।इस अवसर पर ग्राम पंचायत भंडारपुर में भी जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव की उपस्थिति थे गृह ग्राम भंडारपुर में किरण वैष्णव व ग्रामवासी द्वारा श्रमदान के द्वारा बोरी बधान कार्य किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जनसहयोग से आज एक अच्छी पहल की जरूरत हमारे गांव के महिला समूह ग्रामवासी द्वारा किया जा रहा बोरी बधान के माध्यम से बारिश के पानी सही तरीके से संरक्षण कर रहे साथ ही जन मानस से आग्रह करते हुए कहा कि हम ग्रामवासी अपने अपने घरों में वाटर हार्वेटिग वर्षा जल संरक्षण के शोकता पीट का निर्माण कर बारिश के पानी संचयन करे हम सभी अपने अपने घरों में फलदार वृक्ष लगाए वर्षा जल का सही सदुपयोग करे जिससे भूमिगत जल कई कमी को दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम को उतरा निषाद सभापति जनपद पंचायत छुरिया ने भी अपने विचार रखे हुआ कहा हमे बिहान में माध्यम से हर घर शोकता गड्ढा निर्माण कराया जाएगा जिससे बारिश के पानी का संरक्षण किया जा सके।जल ही जीवन का आधार है। क्योंकि जल है तो कल है।जल के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाकर, हम लोगों को पानी बचाने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। जल संरक्षण एक महत्वपूर्ण कार्य है, और इसे सभी को गंभीरता से लेना चाहिए। उक्त कार्यक्रम में रविन्द्र कुमार वैष्णव जिला भाजपा महामंत्री राजनांदगांव सरपंच भंडारपुर सीमा चंद्रवंशी ग्राम पटेल दशरथ चंद्रवंशी, मंगल साहू उप सरपंच भंडारपुर, प्रदीप पटेल, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी आश राम कंवर, सहायक विकास विस्तार अधिकारी हुमेंश भंडारी, पंच दुर्योधन साहू, रामेश्वर चंद्रवंशी, बेदराम चंद्रवंशी खिलावन चंद्रवंशी सचिव भंडारपुर, शेखर साहू रोजगार सहायक भंडारपुर, गेंदलाल साहू लिखन निषाद, पुसई चंद्रवंशी, कमला बाई चंद्रवंशी, यशोदिया साहू, सरिता साहू, सहित बड़ी संख्या में महिला समूह के कार्यकर्ता ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं में गणित विषय की मुख्य भूमिका : बघेल

**राजनांदगांव, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिलाधीश नरेंद्र सर्वेश्वरभूरे की दिशा निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग जिला राजनांदगांव के द्वारा विभिन्न विकास खंडों में करियर काउंसलिंग की कार्यशाला आयोजित की जा रही है. इसी कड़ी में आज डोंगरगढ़ ब्लॉक में खालसा स्कूल के ऑडिटोरियम में दसवीं में 60त्न से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विकासखंड के सभी 36 हाई स्कूल हायर सेकेंडरी के छात्र-छात्राओं की करियर पर आधारित एक कार्यशाला आयोजित की गई. शासकीय स्कूलों के छात्र-छात्राओं जो कि दूरस्थ अंचलों में निवास करते हैं पर्याप्त जानकारी के अभाव में विषय चयन में गलतियां कर बैठते हैं. जिसे दूर करने तथा छात्र-छात्राओं में आत्मविश्वास के साथ रुचि आधारित विषय चयन करने हेतु प्रवास सिंह बघेल के द्वारा यह पहल पहली बार जिले में की जा रही है. छात्रों में कैरियर निर्माण के प्रति आशंका और होने वाले कठिनाइयों का निराकरण करते हुए प्रवास सिंह बघेल ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न विषयों पर आधारित कोर्सेज जैसे डॉक्टर इंजीनियर. बनने हेतु जेई ई तथा नीट परीक्षाओं की तैयारी तथा सफलता प्राप्त करने हेतु टिप्स छात्र-छात्राओं को देते हुए उनका शंका समाधान किया. साथ ही बैंक. पीएससी. यूपीएससी.एनडीए. सीडीएस.कॉमर्स से संबंधित विषयों पर आधारित परीक्षा तथा उसके संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी. प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु उनके द्वारा बताया गया कि इन सब परीक्षाओं मैं सफल होने हेतु गणित विषय की मुख्य भूमिका होती है. छात्र अपनी क्षमताओं के अनुरूप विषय चुने तथा रणनीति के तहत अपने लक्ष्य पर ध्यान देते हुए अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### शहर में सुगम यातायात व्यवस्था व उचित बाजार व्यस्थापन के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग का संयुक्त निरीक्षण



**राजनांदगांव, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 25 मई को कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में एडीएम सी.एल. मारकण्डे, अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम डी. एल वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, यातायात प्रभारी निरीक्षक अजय खेस, जनप्रतिनिधि शरद सिन्हा, यातायात एवं नगर निगम की टीम द्वारा शहर के महावीर चौक, जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर, आजाद चौक, फौव्वारा चौक, गुड़ाखू लाईन, भगत सिंह चौक, गोल बाजार में भ्रमण कर बढ़ते यातायात दबाव को दृष्टिगत रखते हुए यातायात व्यवस्था एवं उचित बाजार व्यवस्थापन के लिए दुकानदारों को अपना दुकान का सामान बाहर न निकालने समझाईश दिया गया। साथ ही सभी दुकानदारों को अपने दुकान में आने वाले ग्राहकों के वाहनों को सफेद पट्टी के अंदर खड़ी कराने समझाईश दिया गया। राजनांदगांव के सभी व्यवसायी से अपील है कि सामान रोड पर बाहर न निकाले एवं दुकानों में आने वाले ग्राहकों के लिये पार्किंग की व्यवस्था करें। जिससे भविष्य में शहर में हो रहे ट्रैफिक जाम से निजात पाकर यातायात व्यवस्थित किया जा सके। भविष्य में अतिक्रमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों पर विधिवत कार्यवाही किया जायेगा।

समाचार संक्षेप

## निर्माता मोहित साहू कृत छत्तीसगढ़ का पहला हिन्दी फिल्म जानकी भाग- 1 का ट्रेलर मुंबई में लांच

'जानकी भाग -1' का ट्रेलर 21 मई को मुम्बई के अंधेरी वेस्ट स्थित इंफिनिटी मॉल में रिलीज़ किया गया। एन माही फिल्मस के बैनर तले निर्माता मोहित साहू कृत जानकी भाग- 1 छत्तीसगढ़ में निर्मित सात भाषाओं में बनी है। ये फिल्म 13 जून को पूरे भारतवर्ष में रिलीज़ होने जा रही है। ट्रेलर लॉचिंग के अवसर पर 'जानकी



भाग- 1' के एक्शन अभिनेता दिलेश साहू एवं अभिनेत्री अनिकृति चौहान समेत एक्टर नितीन ग्वाला, डायरेक्टर कौशल उपाध्याय, म्यूजिक डायरेक्टर मोनिका वर्मा व तोषांत कुमार,फेमस वाइस डबिंग आर्टिस्ट संकेत म्हात्रे व पायल विशाल तथा म्यूजिक डायरेक्टर अर्नब चटर्जी विशेष रूप से उपस्थित थे। फिल्म के कलाकार मीडिया से रूबरू हुए। उनके बहुत से सवालों कि जवाब भी दिए।

**ये है मुख्य कलाकार-** दिलेश साहू, अनिकृति चौहान, जीत शर्मा, नीरज उइके, नितीन ग्वाला, अमित गोस्वामी, सुमित्रा साहू, अनुनय शर्मा, दीवाना पटेल, मोहित जोशी, पप्पू चंद्राकर, तेजराम साहू एवं अमर दास लहरे, प्रोड्यूसर स्टोरी एवं एक्शन डिजाइन- मोहित साहू, को प्रोड्यूसर- गजेन्द्र देवांगन, आशीष कुमार गोयल एवं रवि माहवार, पटकथा एवं निर्देशन- कौशल उपाध्याय, एडिटर- गौरांग त्रिवेदी, गीत- मोनिका वर्मा, संगीत- तोषांत कुमार- मोनिका वर्मा, गायक कलाकार- कैलाश खेर, शान, जावेद अली, देव नेगी, नक्श अजीज़ एवं मोनिका वर्मा, वाइस डबिंग- संकेत म्हात्रे, पायल विशाल व सोहैल खान, बेकग्राउंड म्यूजिक- मनोहर यादव, वीएफएक्स- प्रवीर दास, कोरियोग्राफर- बाबा बघेल.

## 'तेनाली रामा' की नई रोमांचक राह

सोनी सब का लोकप्रिय ऐतिहासिक धारावाहिक 'तेनाली रामा' अब एक नए और रोमांचक कथा पथ पर आगे बढ़ने को तैयार है। अपनी बुद्धिमत्ता और हास्य की मूल भावना को बरकरार रखते हुए अब शो एक रहस्य और जांच पर आधारित कहानी की ओर रुख कर रहा है — वो भी उस युग में, जब न आधुनिक तकनीक थी और न फॉरेंसिक विज्ञान। इस बदलाव की शुरुआत दो नए और दमदार किरदारों की एंट्री से होती है: लक्ष्मणप्पा, जिसकी भूमिका निभा रहे हैं कुनाल करण कपूर, और रहस्यमय कोतवाल, जिन्हें निभा रहे हैं निखिल आर्य। इन दोनों के साथ कृष्ण भारद्वाज द्वारा निभाए गए तेनाली रामा की त्रयी अब एक नई ऊर्जा के साथ दर्शकों के सामने होगी — जो गहन निरीक्षण, तार्किक सोच और अंतर्दृष्टि से जटिल मामलों को सुलझाएगी। आगामी एपिसोड्स में दर्शकों को बहुस्तरीय किरदारों की टकराहट, अप्रत्याशित साझेदारियाँ, और न्याय की गहराई से पड़ताल देखने को मिलेगी — यह सब उस युग में, जहां निर्णय बुद्धि और अंतर्ज्ञान के बल पर लिए जाते थे। निमिषा पांडे, प्रोग्रामिंग हेड, सोनी सब, ने कहा: "तेनाली रामा ने हमेशा अपनी बुद्धिमानी और चतुराई से दर्शकों का मन जीता है। इस नए मोड़ के साथ हमने इस प्रिय किरदार को एक नई दिशा में ले जाने का प्रयास किया है — जहां उसकी तीव्र बुद्धि अब रहस्यमयी मामलों की तह तक जाएगी। यह तेनाली पहले जैसा नहीं है — वह अब और भी जिज्ञासु, चतुर और रहस्य सुलझाने में पूरी तरह तल्लीन होगा। सोनी सब पर हमारा लक्ष्य है — दर्शकों को ताजगीभरी कहानियों के माध्यम से चौंकाना, मनोरंजन करना और वह भाव देना जिससे वे जुड़ाव महसूस करें।'' अभिमन्यु सिंह, निर्माता, कॉन्टिलो पिक्चर्स, ने विस्तार से समझाया: "जब हमने इस नए अध्याय की कल्पना शुरू की, तब हमने खुद से पूछा — एक ऐसा युग जहां न फॉरेंसिक हो, न तकनीक, वहां गहरी जांच-पड़ताल कैसी दिखेगी?

## महिलाओं की सुरक्षा को समर्पित सोनी सब का 'वागले की दुनिया'

सोनी सब का शो 'वागले की दुनिया – नई पीढ़ी, नए किस्से' अपने दिल को छू लेने वाले पारिवारिक पलों और सामाजिक मुद्दों की गूढ़ प्रस्तुति के लिए दर्शकों का पसंदीदा बना हुआ है। अब यह शो एक और महत्वपूर्ण सामाजिक विषय — महिलाओं की आत्मरक्षा — को सामने लाने जा रहा है, जिसमें करुणा और समझ के माध्यम से समाज में बदलाव लाने का संदेश दिया जाएगा।

आगामी एपिसोड्स में छोटी किट्टू (माही सोनी) आत्मरक्षा की क्लास में शामिल होने की इच्छा जाहिर करती है। हालांकि, डक्कू (दीपक पारीक) और हर्षद (अमित सोनी) शुरुआत में इस विचार को यह कहते हुए नकार देते हैं कि लड़कियों को आत्मरक्षा की जरूरत नहीं होती। लेकिन राजेश वागले (सुमीत राघवन) इस सोच से इत्तेफाक नहीं रखते और मानते हैं कि हर लड़की को अपनी सुरक्षा का अधिकार उतना ही है जितना किसी लड़के को। हालात तब बदलते हैं जब सखी (चिन्मयी साल्वी) और गुनगुन (नंदिनी मौर्य) को बस में छेड़छाड़ का सामना करना पड़ता है। यह घटना हर्षद के लिए एक चेतावनी बन जाती है और वह स्वीकार करता है कि राजेश बिल्कुल सही थे। इसके बाद, साई दर्शन सोसायटी में महिलाओं के लिए एक मार्शल आर्ट ट्रेनर बुलाया जाता है जो आत्मरक्षा की ट्रेनिंग देता है। जब पुरुष घर के छोटे-मोटे कामों में उलझे होते हैं, महिलाएं आगे बढ़कर आत्मरक्षा सीखती हैं.

# फिक्सर वापस आ गया है और इस बार मामला है पर्सनल

हैदराबाद के मशहूर प्रसाद सिनेमा में आज एक खास सेलेब्रेशन देखने को मिला, जहां फैंस की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मौके की मेज़बानी की सुपरस्टार राणा दग्गुबाती ने, जिनके साथ मौजूद थे वर्सेटाइल और डायनैमिक अभिनेता अर्जुन रामपाल। ये इवेंट नेटफ्लिक्स की जबरदस्त सीरीज़ 'राणा नायडू' के दूसरे सीज़न की वापसी का सेलेब्रेशन था। दोनों सितारों ने बड़े ही शानदार अंदाज़ में ग्रैंड एंट्री ली और राणा नायडू सीज़न 2 का एक विशाल पोस्टर अनावरण किया, जिससे आने वाले धमाके की झलक मिल गई। इस मौके पर फैंस को सीज़न 2 की पहली झलक भी दिखाई गई, जिससे शो को लेकर एक्ससाइटमेंट और भी बढ़ गयी। अभिनेता राणा दग्गुबाती ने कहा, ''सीज़न 2? यह वाकई धमाकेदार है। यह पहले से बहुत विशाल है, और बहुत ज़्यादा पर्सनल भी है। नेटफ्लिक्स और पूरी राणा नायडू टीम के साथ दोबारा काम करना बहुत मज़ेदार रहा। हमने चीजों को और गहराई से दिखाया, और ज्यादा पेचीदा बनाया। हर स्तर पर दांव बढ़ा दिए हैं। ये वही सब कुछ है जो दर्शकों को पसंद आया था — बस और भी बड़े धमाके के साथ। पहले सीज़न को दर्शकों और फैंस से बहुत प्यार मिला, मुझे खुशी है कि आज हम ये एक्सक्लूसिव फर्स्ट लुक फैंस के साथ साझा कर पाए। अर्जुन का आज मेरे साथ होना खास है और मेरे लिए बहुत मायने रखता है। शो में भले ही राणा और रऊफ (अर्जुन रामपाल का किरदार) आमने-सामने हैं, लेकिन यहां हैदराबाद में मैं एकदम परफेक्ट होस्ट बनने की कोशिश कर रहा हूं।'' अर्जुन रामपाल ने कहा,''रऊफ के किरदार को निभाना आसान नहीं था, लेकिन करन अंशुमन की लगन और मेहनत से यह मुमकिन हो पाया। उन्होंने इस किरदार में जिस हल्के फूल्के अंदाज़ में गढ़ा है उससे यह एक बेहतरीन और दिलचस्प कैरेक्टर बन गया, जिसे निभाने में मुझे बहुत मज़ा आया। रऊफ बिलकुल भी नहीं डरता। इस सीज़न में राणा नायडू की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं, रऊफ ने पूरा इंतजाम कर रखा है! यह तो बस मेरा किरदार है, लेकिन निजी तौर पर मेरी राणा के साथ शूटिंग के दौरान अच्छी दोस्ती हो गई है। उनके साथ काम करना वाकई शानदार अनुभव रहा। और वेंकी भी बहुत अच्छे हैं। पूरी कास्ट बहुत टैलेंटेड है।'' अर्जुन ने आगे कहा,''नेटफ्लिक्स के साथ यह मेरा पहला शो है और मैं इससे बहुत उत्साहित हूं। नेटफ्लिक्स ने इस शो को बेहतर बनाने के लिए काफी योगदान दिया है। यह भी पहली बार हुआ है कि मुझे तीन अलग-अलग निर्देशकों —करन, सुपर्ण और अभय ने निर्देशित किया है। तीनों की शख्सियतें अलग हैं लेकिन एक-दूसरे के साथ उनका तालमेल शानदार है। आज यहां इतने सारे फैंस को सीज़न 2 की पहली झलक देखकर उत्साहित होते देखना शानदार अनुभव रहा। 13 जून ज़्यादा दूर नहीं है‌नेटफ्लिक्स पर और भी बहुत कुछ देखने को मिलने वाला है, तो जुड़े रहिए।'' राणा नायडू सीज़न 2 में दमदार स्टारकास्ट है — राणा दग्गुबाती, वेंकटेश दग्गुबाती, अर्जुन रामपाल, सुरवीन चावला, क्रिती खरबंदा, सुशांत



सिंह, अभिषेक बनर्जी और डिनो मोरिया। राणा नायडू के इस सीजन 2 में जबरदस्त ड्रामा, कॉन्फ्लिक्ट्स और रॉ एमोशन्स का मेल देखने को मिलेगा। इस सीरीज़ का निर्माण सुंदर एरोन और लोकोमोटिव ग्लोबल ने किया है।

# कमल हासन और मणिरत्नम की "ठग लाइफ" एक धमाकेदार वापसी

भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज, कमल हासन और मणिरत्नम, अपनी आगामी तमिल भाषा की गैंगस्टर एक्शन ड्रामा फिल्म "ठग लाइफ" के साथ बड़े पर्दे पर वापसी के लिए तैयार हैं। 5 जून 2025 को रिलीज होने वाली यह फिल्म, 1987 की प्रतिष्ठित "नायकन" के बाद उनकी जोड़ी का पहला सहयोग है, जिसने भारतीय सिनेमा के इतिहास में अपनी एक अमिट छाप छोड़ी थी। "ठग लाइफ" का टीज़र पहले ही दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह पैदा कर चुका है, जिसमें कमल हासन को एक शक्तिशाली गैंगस्टर, रंगाराय शक्तिवेल नायकर के रूप में दिखाया गया है, जिसे मृत मान लिया गया था, लेकिन वह वापसी करता है। मणिरत्नम द्वारा निर्देशित और कमल हासन के साथ सह-पटकथा लिखी गई यह फिल्म, एक गैंगस्टर ड्रामा है जो रंगाराय शक्तिवेल नायकर की कहानी पर केंद्रित है। इस किरदार की जटिलता और उसका पुनरुत्थान फिल्म का मुख्य आकर्षण होने वाला है। "नायकन" में भी कमल हासन ने एक गैंगस्टर की भूमिका निभाई थी, और "ठग लाइफ" में उनकी वापसी उस विरासत को आगे बढ़ाने का वादा करती है। यह देखना



दिलचस्प होगा कि मणिरत्नम और कमल हासन की यह जोड़ी इस बार गैंगस्टर शैली में क्या नया लेकर आती है, खासकर आज के बदलते सिनेमाई परिदृश्य में फिल्म में कमल हासन के साथ सिलंबरासन, त्रिशा कृष्णन, अभिरामी और अशोक सेलवन जैसे प्रतिभाशाली कलाकार भी शामिल हैं, जो फिल्म को और भी सशक्त बनाते हैं। इन कलाकारों की उपस्थिति फिल्म के कथानक में विभिन्न आयामों को जोड़ने की उम्मीद है, जिससे कहानी और भी समृद्ध और आकर्षक बन सके। त्रिशा कृष्णन की वापसी विशेष रूप से प्रशंसनीय है, और उनका किरदार भी कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। "ठग लाइफ" का संगीत एआर रहमान ने तैयार किया है, जो अपनी धुन और संगीतमय रचनाओं के लिए जाने जाते हैं। रहमान का संगीत हमेशा से मणिरत्नम की फिल्मों का एक अभिन्न अंग रहा है, और इस बार भी उनसे एक शानदार साउंडट्रैक की उम्मीद की जा रही है जो फिल्म के गैंगस्टर माहौल को पूरी तरह से पूरक करेगा। उनका संगीत अक्सर कहानी को एक भावनात्मक गहराई प्रदान करता है और "ठग लाइफ" में भी ऐसा ही देखने को मिल सकता है। टीज़र में कमल हासन को एक पुरानी फिल्म से प्रेरित कहानी के साथ दिखाया गया है, जहाँ वह एक गैंगस्टर रंगाराय शक्तिवेल नायकर का किरदार निभाते हैं।

## मनोरंजन होगा भरपूर!

न्याय पाने के लिये साहसिक लड़ाइयों से लेकर हंसाते हुए लोट-पोट कर देने वाली गड़बड़ियों और आकस्मिक ट्विस्ट्स तक, आपके चहेते एण्डटीवी शोज में ड्रामा, इमोशंस और कॉमेडी का रोलरकोस्टर आ रहा है। 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में हो रही नई-नई घटनाओं की झलक नीचे दी जा रही है।

पढ़ाई की कोशिश करने के दौरान भीमा (तेजस्विनी सिंह) को अपमान और जातिगत बाधाओं का सामना करना पड़ता है। डॉ. आम्बेडकर (अथर्व) के विचारों से प्रेरित होकर वह सशक्त महसूस करती है और गांव वालों को एकजुट करने के लिये खामोशी तथा प्रतीकों का इस्तेमाल करती है। धीरे-धीरे उसे उनका समर्थन मिलने लगता है और वह गर्व से स्कूल लौटती है। चंदा के रोका में भीमा बालविवाह के खिलाफ आवाज उठाती है और चंदा को शिक्षा का आशीर्वाद देती है। हिम्मत से भरा उसका यह कदम खासकर महिलाओं को एक उम्मीद देता है, लेकिन कुछ लोग नाराज भी होते हैं। कैलाशा बुआ (नीता मोहिन्द्रा) को भीमा के बढ़ते असर से खतरा महसूस होता है और वह उसके खिलाफ योजना बनाना शुरू करती है। भीमा पर वह शादी के गहने चुराने का झूठा आरोप लगा देती है। जातिवाद से प्रेरित होकर गांव के लोग भीमा के घर की तलाशी लेते हैं और वहाँ रखे गए गहने खोज निकालते हैं। भीमा के निर्दोष होने के बावजूद पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेती है।

# एण्डटीवी की अभिनेत्रियों ने बताया, उनके बैग में क्या रहता है!

एक बैग सिर्फ सामान रखने की चीज नहीं है, बल्कि यह किसी की जिंदगी की खास झलक भी दिखाता है। मेकअप, दवाईयों से लेकर कुछ खास यादगार चीजों तक, बैग में रखा हर सामान उनकी आदतों, पसंद और छोटी-छोटी खुशियों के बारे में बताता है जो उनके दिन को आसान बनाती हैं। एण्डटीवी की अभिनेत्रियों ने उन चीजों के बारे में बताया, जो उनके लिये मायने रखती हैं और जिनके बिना उन्हें घर से निकलना पसंद नहीं है। इन कलकारों में शामिल हैं स्मिता सेबल (धनिया, 'भीमा'), हिमानी शिवपुरी (कटोरी अम्मा, 'हप्पू की उलटन पलटन') और शुभांगी अत्रे (अंगूरी भाबी, 'भाबीजी घर पर हैं')। 'भीमा' में धनिया की भूमिका निभा रहीं स्मिता सेबल ने बताया, ''मेरे साथ हमेशा रहने वाली मेरी सबसे जरूरी चीजों में से एक बैंडेज है। आपको यह अजीब लग सकता है, लेकिन मेरी इस आदत की शुरूआत तब हुई थी, जब सेट पर एक स्पॉट ब्वॉय को चोट लगी थी और मेरे बैग में बैंडेज रखा था। मैंने तुरंत उसकी मदद की और उस पल मुझे लगा कि पहले से तैयार रहना कितना महत्वपूर्ण होता है। तब से मैंने कहीं भी जाने से पहले प्राथमिक उपचार की जरूरी चीजों को अपने साथ रखने की आदत डाल ली। इसके साथ ही मैं मेकअप के लिये जरूरी चीजें भी रखती हूँ, जिनके बिना मेरा काम नहीं चल सकता, जैसे कि हाइड्रेटिंग लिप बाम, एक छोटा-सा मिरर और काजल। थोड़ा-सा टच-अप करने से बहुत अच्छा लगता है और मैं बिल्कुल तरोताजा और कैमरे के लिये तैयार महसूस करती हूं। मेरे बैग में गुलाबजल की एक छोटी बॉटल भी रहती है और सीन्स की शूटिंग के बीच रिफ्रेश होने और नयापन लाने के लिये मुझे उस पर भरोसा है। इसके अलावा मैं मुट्‌ठीभर बादाम भी अपने साथ रखती हूँ। लंबे वक्त तक शूटिंग करने के दौरान बादाम खाने से मुझे एनर्जी मिलती है। मेरा बैग बाहर से साधारण दिख सकता है, लेकिन उसमें मेरे लिये जरूरी हर चीज होती है।''



'हप्पू की उलटन पलटन' में कटोरी अम्मा की भूमिका निभा रहीं हिमानी शिवपुरी ने कहा, ''मेरा हैंडबैग एक छोटा-सा खजाना है, जिसमें मेरी जरूरतों और भावनाओं से जुड़ी चीजें हैं। मैं हमेशा एक बिस्कुट का पैकेट रखती हूँ, जो मेरे लिए नहीं, बल्कि रास्ते में मिलने वाले स्ट्रीट डॉग्स के लिए होता है। उन्हें खिलाने से मुझे बहुत सुकून और खुशी मिलती है। यह छोटी-सी कोशिश मेरे लिए बहुत मायने रखती है। इसके अलावा, मेरे बैग में चश्मा और एक अच्छी पेपरबैक नॉवल जरूर होती है। सेट पर ब्रेक के समय पढ़ना मुझे अच्छा लगता है और इससे मैं बिल्कुल रिफ्रेश हो जाती हूं। मेरे बैग में होम्योपैथिक दवाओं का एक छोटा पाउच भी होता है जिनका मैं सालों से इस्तेमाल करती आई हूँ। एक खुशबूदार रूमाल भी मेरे बैग में होता है, यह आदत मुझे थिएटर के दिनों से है। साथ ही, मेरे बैग में हैंड सैनिटाइजर, बटुआ, कंघी और फटाफट टच-अप के लिए लिपस्टिक भी रहती है। मेरे बैग की हर चीज की अपनी कहानी और मकसद है, जो उसे मेरे लिए खास बनाती है।'''भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार निभाने वालीं शुभांगी अत्रे ने बताया, ''मेरे बैग में मिलने वाली मेरी पसंदीदा चीजों में से एक है छोटा-सा एक क्रिस्टल। यह मेरे एक करीबी दोस्त ने बहुत सोच-समझकर मुझे तोहफे में दिया था, क्योंकि उसे एनर्जी हीलिंग पर यकीन है। मैं खुद यह प्रैक्टिस बहुत अच्छी तरह से नहीं कर पाती हूँ, लेकिन यह छोटा क्रिस्टल कई सालों से मेरे साथ है। इससे मुझे बेहद शांति एवं संतुलन मिलता है, खासकर शूटिंग के व्यस्त दिनों में। मेरे बैग में एक छोटी डायरी भी होती है, जिसमें मेरे विचार, प्रेरक बातें और निजी सोच लिखी होती हैं। सफर में या सेट पर शांत पल मिलने पर मैं इसे पढ़ती हूँ, जिससे मुझे तुरंत उत्साह और ताकत मिलती है। यह मेरे लिए बहुत जरूरी है। इसके अलावा, मैं एक लाइट फ्लोरल परफ्यूम भी रखती हूँ, जो मेरा मूड तरोताजा कर देता है।

# कलाकारों का अपने भाइयों के नाम जज्बाती पैगाम

ब्रदर्स डे एक ऐसा खास मौका होता है, जब हम अपने भाइयों के साथ के उस अनमोल रिश्ते को सम्मान देते हैं, जो जीवनभर हमारे साथ खड़ा रहता है। इस खास अवसर पर एण्डटीवी के कलाकारों ने अपने-अपने भाइयों के साथ अपने खास रिश्तों के बारे में बात की और बताया कि उन्होंने उनसे क्या-क्या सीखा। इन कलाकारों में शामिल हैं- अमित भारद्वाज ('भीमा' के मेवा), हिमानी शिवपुरी ('हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा), और विदिशा श्रीवास्तव ('भाबीजी घर पर हैं' की अनिता भाबी)। अमित भारद्वाज, जो कि 'भीमा' में मेवा का किरदार निभा रहे हैं, ने कहा, ''मेरे कज़िन के साथ मेरा बहुत गहरा और भरोसेभरा रिश्ता है। हम दोनों साथ ही बड़े हुए हैं। मुझे उनकी जो बात सबसे ज्यादा पसंद है वह यह कि वो कितनी भी टेंशन वाली सिचुएशन में शांत रहते हैं। एक बार कॉलेज के दिनों में हम ट्रैवल कर रहे थे और मेरा वॉलेट कहीं गिर गया। मैं तो घबरा गया, लेकिन उन्होंने मुझसे कहा, 'शांत रहो, सोचते हैं।' फिर उन्होंने मुझे हर स्टेप याद दिलाया और हमें मेरा वॉलेट एक चाय की दुकान की बेंच पर मिल गया। उस दिन मैंने सीखा कि घबराने से कुछ नहीं होता, बल्कि सही सोच और शांति बहुत काम आती है। आज भी जब कोई मुश्किल आती है, मैं वही शांत रवैया अपनाने की कोशिश करता हूँ। मेरा भाई आज भी मेरी ताकत है- चाहे कोई बड़ा फैसला लेना हो या मस्ती करनी हो। ब्रदर्स डे पर मैं उन्हें दिल से धन्यवाद् कहना चाहूँगा कि वे हमेशा मेरे साथ हैं और उन्होंने मुझे सिखाया कि कैसे मुश्किल वक्त में भी ठंडे दिमाग से काम लेना चाहिए।'' हिमानी शिवपुरी ऊर्फ 'हप्पू की उलटन पलटन' की कटोरी अम्मा कहती है, ''मेरे लिए मेरा भाई हिमांशु मेरे मेंटर, गार्जियन और सबसे भरोसेमंद दोस्त सबकुछ हैं। हमारे बीच का रिश्ता वक्त के साथ और भी मजबूत होता गया है।



# कलाकारों ने बताए मानसून में काम आने वाले उनके फेवरेट आइटम्स!

मानसून के बादल छाने लगे हैं और हवा में बारिश की खुशबू महसूस होने लगी है। इसी के साथ लोगों ने छाते निकालने और अपनी अलमारियों को भी नए मौसम के हिसाब से सजाने की तैयारी शुरू कर दी है। एण्डटीवी की लोकप्रिय अभिनेत्रियाँ भी बता रही हैं कि उन्होंने कैसे अपने कपड़ों और घर को मानसून के स्वागत के लिए स्टाइलिश अंदाज़ में तैयार किया है। इनमें शामिल हैं स्मिता सेबल ('भीमा' की धनिया), सपना सिकरवार ('हप्पू की उलटन पलटन' की बिमलेश) और शुभांगी अत्रे ('भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी)। ''भीमा' में धनिया का किरदार निभा रहीं स्मिता सेबल ने कहा, ''मुझे बारिश का मौसम और इससे जुड़ी खुशियाँ बहुत पसंद हैं, लेकिन मैं इस मौसम की बाकी चुनौतियों को भी नज़रअंदाज़ नहीं करती, जैसे नमी, फिसलन भरी सड़कें और अचानक होने वाली तेज़ बारिश। इसलिए मैंने पहले से ही अपने वॉर्डरोब में मानसून की ज़रूरी चीज़ें जुटा ली हैं, जिनमें रंग-बिरंगे छाते से लेकर ऐसे सैंडल तक शामिल हैं, जो फिसलते नहीं और स्टाइलिश भी हैं। बारिश हो या न हो, मैं फैशन के साथ कभी समझौता नहीं करती! मैंने चटकदार और मस्तीभरे रंगों वाले छाते चुने हैं, साथ ही मेरे पास क्यूट वॉटरप्रूफ फुटवियर भी हैं, जिससे मेरा लुक भी बना रहे और काम में भी आसानी हो। इस मौसम में मैं कॉटन और जॉर्जेट जैसे हल्के और ब्रीदेबल कपड़े पहनना पसंद करती हूँ। कुलॉट्स, मिडी ड्रेसेज़ और फ्लोई काफ्तान मेरे फेवरेट हैं, क्योंकि ये जल्दी सूख जाते हैं और आरामदायक भी होते हैं। मुझे मानसून में पहाड़ों या समुद्र किनारे छुट्टियों पर जाना बहुत अच्छा लगता है, इसलिए मेरी अलमारी पहले से ही ट्रैवल के लिए तैयार है- इसमें हैं आरामदायक ड्रेस, ओवरसाइज़ शर्ट्स और हल्के जैकेट्स, जो इस खूबसूरत मौसम में घूमने-फिरने का आनंद उठाने के लिए परफेक्ट हैं!''



'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश का किरदार निभा रहीं सपना सिकरवार बताती हैं, ''मुझे बारिश बहुत पसंद है, लेकिन मेरा मानना है कि आपका वार्डरोब मानसून के लिए तैयार होना चाहिए! मैंने अपना वार्डरोब पूरी तरह से रिफ्रेश किया है। अब मैंने एंकल लेंथ ट्राउज़र्स और जल्दी सूखने वाले सिंथेटिक दुपट्टे चुने हैं। भारी कपड़ों को अब अलविदा कह दिया है, जो भीगने पर शरीर से चिपक जाते हैं। मैंने वॉटरप्रूफ फुटवियर भी खरीदे हैं, जो स्टाइलिश भी हैं और काम के भी। मैंने घर में भी बदलाव किए हैं, जैसे कि मोटे पर्दों की जगह हल्के और जल्दी सूखने वाले पर्दे और कुशन कवर लगाए हैं, वो भी चटकदार रंगों में, ताकि जब आसमान में बादल छाएं तो घर के भीतर रौशनी बना रहे। और हाँ, मानसून पकौड़ों और मसाला चाय के बिना अधूरा लगता है! इस बार मैंने घर में झटपट बनने वाले स्नैक्स और कई तरह की चाय के फ्लेवर्स स्टॉक कर लिए हैं, जो बारिश वाले दिन का मूड एकदम फ्रेश कर देते हैं।''

'भाबीजी घर पर हैं' की अंगूरी भाबी यानी शुभांगी अत्रे कहती हैं, ''इस बार मैंने पूरे जोर-शोर से तैयारी की है ताकि मैं पूरी तरह से मानसून के लिए तैयार रहूं। चाहे बात एक्सेसरीज़ की हो या घर के ज़रूरी सामान की! मैंने एक खुशनुमा येलो रेनकोट और मजबूत लेकिन स्टाइलिश रेन बूट्स खरीदे हैं, जिससे बारिश में बाहर निकलना झंझट नहीं बल्कि मजेदार अनुभव बन गया है। मैंने हर बैग में फोल्ड होने वाली छोटी छतरियां भी रख ली हैं- क्योंकि बारिश कब आ जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता! इस मौसम में मैं चीजों को मिनिमल रखना पसंद करती हूं, इसलिए भारी गहनों की जगह लाइटवेट और सिंपल ज्वेलरी पहनती हूं, ताकि उमस में कोई परेशानी न हो और मेटल खराब भी न हो। बालकनी को भी ताज़ा कर दिया है और उनमें फर्न एवं मनी प्लांट जैसे मानसून-फ्रेंडली पौधे लगाए हैं, जिन्हें बारिश में झूमते देखना बहुत सुकून देता है। रसोई भी तैयार है, जिसमें काढ़े की सामग्री, फ्लेवर वाली चाय, भुने हुए स्नैक्स और वो सब कुछ है, जो बारिश के दिन को सुकूनभरा बना दे। मेरे लिए मानसून का मतलब है-इस मौसम को दिल से अपनाना, लेकिन सलीके

# नॉन-स्टॉप एन्टरटेनमेंट!

एण्डटीवी के शोज 'भीमा', 'हप्पू की उलटन पलटन' और 'भाबीजी घर पर हैं' में इस हफ्ते नॉन-स्टॉप एन्टरटेनमेंट का आनंद उठाने के लिये तैयार हो जाईये। एण्डटीवी के 'भीमा' के बारे में बताते हुये कैलाशा बुआ ऊर्फ नीता मोहिन्द्रा ने कहा, ''भीमा (तेजस्विनी सिंह) का बढ़ता प्रभाव अब न सिर्फ़ उसके परिवार, बल्कि पूरे गांव की जड़ों को हिला रहा है। इधर फुलमतिया को बिंदिया पर झूठा इल्ज़ाम लगाने की भारी कीमत चुकानी पड़ती है, उधर कैलाशा बुआ (नीता मोहिन्द्रा) भीमा को रास्ते से हटाकर अपनी पुरानी सत्ता वापस पाने की एक खौफनाक साज़िश रचती है। तनाव तब और बढ़ जाता है जब विशंभर (विक्रम द्विवेदी) और कालिका सिंह (मयंक मिश्रा) के बीच सीधी भिड़ंत हो जाती है। तभी मीरा (आयुषी जीना) निडर होकर सामने आती है, अपने बरसों के दर्द का सामना करती है और कालिका सिंह को एक ज़ोरदार थप्पड़ जड़ देती है। उसकी इस हिम्मत पर विशंभर उसकी और भी इज्जत और विश्वास करने लगता है। इस बीच भीमा डरी हुई ज़रूर है लेकिन टूटी नहीं है। वो बाबासाहेब (अथर्व) की सीखों से हिम्मत पाती है और बबीता के साथ हुई साज़िश के पीछे के असली गुनहगार को बेनकाब करने निकल पड़ती है। वह उस आदमी को पकड़ती है जिसने चेन के बारे में झूठ बोला था और उसे उसके अजन्मे बच्चे की कसम दिलवाने ही वाली होती है कि तभी कैलाशा बुआ सच्चाई को दबाने के लिये पहुंच जाती है। लेकिन इस बार भीमा तैयार है- एक छिपी रणनीति और विशंभर के गुप्त समर्थन के साथ। पुलिस छापे में रिश्वत का पैसा सामने आते ही कैलाशा



बुआ की चालें धरी की धरी रह जाती हैं। अब भीमा, डॉ. आंबेडकर की शिक्षाओं से प्रेरित होकर, सीधे थाने की ओर एक साहसी जन आंदोलन की अगुवाई करती है। गांववाले उसके साथ खड़े हो जाते हैं, और भ्रष्ट तंत्र के सामने भीमा एक इंच भी पीछे नहीं हटती। नाटकीय मोड़ तब आता है जब भीमा नकली पुलिस दस्तावेज़ों की पोल खोल देती है और गांव वालों का भरोसा जीत लेती है। वहीं दूसरी ओर, जब मुरारी की पत्नी सड़क किनारे प्रसव पीड़ा में होती है, तो कैलाशा बुआ बेरहमी से मुंह मोड़ लेती है, लेकिन धनिया (स्मिता सेबल) मदद के लिए आगे आती है। क्या वो इस बच्चे को सफलतापूर्वक दुनिया में ला पाएगी? एण्डटीवी के 'हप्पू की उलटन पलटन' की आगामी कहानी के बारे में बताते हुये दरोगा हप्पू सिंह का किरदार अदा कर रहे योगेश त्रिपाठी कहते हैं,'' एक फिल्म देखने के बाद, राजेश (गीतांजलि मिश्रा) ये जानना चाहती है कि अगर जान का खतरा हो, तो हप्पू खुद को बचाएगा या उसे। उसकी मां कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) आग में घी डालने का काम करती है और उसे हप्पू की परीक्षा लेने के लिये उकसाती है। मलाइका (सोनल पंवार) राजेश को समझाने की कोशिश करती है कि ये सब बेकार है, तो राजेश और अवधेशिया (उर्मिला शर्मा) उसे चुप करा देती हैं। इसके बाद राजेश, बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) को मना लेती है कि वह एक नकली गुंडा बनकर हप्पू को धमकाए। पहले तो बेनी मना करता है, लेकिन जब राजेश हप्पू की कसम खिलाती है, तो वह मान जाता है। इधर हप्पू एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार करता है और कमिश्नर के कहने पर उसे जेल में सबक सिखाता है। वह इसका वीडियो भी इंटरनेट पर डाल देता है, बिना ये सोचे कि आगे क्या होगा।

## एक नजर

### समाधान शिविरों का आयोजन अब 30 मई तक किया जाएगा

**कांकेर 25 मई।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आम जनता की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु जिले में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा सुशासन तिहार शिविर आयोजन हेतु संशोधित तिथि का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेशानुसार आगामी 28 मई को जनपद पंचायत कांकेर क्लस्टर कलमुच्चे के ग्राम तुलतुली, कलमुच्चे, धनतुलसी, पीढ़ापाल, कानागांव, मुरागांव, पुसाझर, बुधियारमारी, भैंसगांव, मुजालगोंदी और टोन्डामरका में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार 29 मई को जनपद पंचायत दुर्गूकोंदल क्लस्टर पचांगी के ग्राम पचांगी, चिखली, हामतवाही, मंगहूर, करकापाल तथा 30 मई को जनपद पंचायत अंतागढ़ के अर्रा अंतर्गत ग्राम अर्रा, मुल्ले, मातला-ब, और आलानार में शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त शिविर में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी और शिविर स्थल में विभागीय योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए हैं।

### दिव्यांगजनों को मिली व्हीलचेयर एवं बैटरीचलित ट्रायसाइकिल

**कांकेर 25 मई।** समाज कल्याण विभाग के परिसर में आज चार दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय की गई। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि ग्राम पंचायत सुरेली की कु. रितू कोमरे को व्हील चेयर, ग्राम मावलीपारा भैंसगांव के दुकारूराम गावड़े को बैटरीचलित ट्रायसायकल, ग्राम हटकाचारामा की कु. मनीषा गोटा को स्मार्टफोन और ग्राम ताड़ोकी निवासी रामसाय नवगों को बैटरीचलित ट्रायसायकल प्रदाय की गई। सहायक उपकरण मिलने से दिव्यांगजनों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर जनपद पंचायत कांकेर की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा कावड़े सहित श्री कमलेश उसेण्डी, श्री ईश्वर सिंह कावड़े, श्री उत्तम जैन, श्री टाकेश्वर जैन और श्री अनिल कौशिक उपस्थित थे।

### नक्सलवादियों के समर्थन में कांग्रेस के बयान शर्मनाक:संजय श्रीवास्तव

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने छत्तीसगढ़ में चले नक्सल-विरोघी ऑपरेशन में हार्डकोर नक्सली बसव राजू समेत 27 नक्सलियों के मारे जाने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर किए गए प्रलाप पर कहा है कि कांग्रेस हमेशा सेना और सुरक्षा बलों पर शक करती है एवं सुरक्षा बलों का मनोबल कमतर करने का काम करती रहती है। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि नक्सलवाद पर बघेल और कांग्रेस नेता लगातार शर्मनाक टिप्पणियाँ कर रहे हैं और इनके आका नक्सलियों के खिलाफ चल रही कार्रवाई रुकवाने के लिए लगातार एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं।भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री श्रीवास्तव ने कहा कि नक्सलियौं के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए ऑपरेशन से कांग्रेस के लोग जिस तरह छाती पीट रहे हैं, वह यकीनन शर्मनाक है। बघेल समेत तमाम कांग्रेसियों को तो इस बात पर खुश होना चाहिए कि झीरम नक्सली हिंसा, जिसमें कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की एक पूरी पीढ़ी शहीद हो गई थी, के खलनायक रहे राजू को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। यह दृढ़ राजनीतिक इच्छा शक्ति कांग्रेस अपने पाँच साल के शासनकाल में नहीं दिखाई और भाजपा ने महज लगभग डेढ़ साल के शासनकाल में नक्सलवाद के खिलाफ दृढ़ संकल्प के साथ काम करके दिखा दिया है। श्री श्रीवास्तव ने कटाक्ष किया कि भूपेश सरकार के शासनकाल में जिस बस्तर में बारुदी सुरंगें बिछ रही थी, आज वहीं सड़कों का जाल बिछ रहा है। नक्सलियों की धमकियों के चलते शहीद जवानों का अंतिम संस्कार तक उनके गृहग्राम में कराने में नपुंसक साबित हुई पिछली कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल आज किस मुँह से नक्सल-विरेधी कार्रवाइयों पर सवाल उठाकर प्रदेश को बरगला रहे हैं।

# राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच ने नगर में निकाली शौर्य एवं गौरव यात्रा







■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 25 मई।** भारतीय सेना के प्रबल पराक्रम,शौर्य एवं अदम्य साहस के प्रतीक ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य में माँ भारती के वीर सैनिकों को धन्यवाद देने तथा उनका अभिनन्दन करने हेतु राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच जिला दंतेवाड़ा के द्वारा मातृशक्ति के नेतृत्व में शनिवार विशाल सभा एवं रैली का आयोजन किया।इस आयोजन में हजारों की संख्या में मातृशक्ति, युवा शक्ति एवं विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही। रैली दुर्गा मंच, आवराभाटा से प्रारम्भ होकर बस स्टैंड दंतेवाड़ा पहुंची जहाँ राष्ट्रीय स्वाभिमान के संरक्षक पदाधिकारियों व उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओ ने मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किया। वक्ताओ के रूप में उपस्थित मुख्य वक्ता संरक्षक माधव सेवा समिति अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह भदौरिया ,सह संयोजिका राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच श्रीमती बबिता पांडे, सदस्य स्वाभिमान मंच भावना सक्सेना,पूर्व सैनिक दिनांर्थो पान सभी ने 22अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में भारत के नागरिकों की आतंकवादियों द्वारा की गई निर्मम हत्या की आलोचना की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में थल सेना, वायु सेना और जल सेना ने अपने साहस, शौर्य आतंकवादियों के ठिकानो को नसतो नाबूत किया यही नहीं पाकिस्तान के हर हमले का मुँह तोड़ जबाब दिया और देश की बहनो के उजड़े सिंदूर का बदला लिया ऑपरेशन सिंदूर से इसके लिए सेना पर गर्व हैं और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए सेना के हर जवान का अभिनंदन करते हैं धन्यवाद देते हैं और कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमाण्डर व्योमिका सिंह पर मातृ शक्तियों का अभिमान बढ़ाने के लिए मंच से सलामी दी।राष्ट्रीय स्वाभिमान मंचजिला दंतेवाड़ा के संरक्षक संतोष महापात्र,संयोजिका डॉ. बुधरी ताती, सचिव कैलाश सोनी,सह सचिव धनेश्वर दास , सह सचिव श्री मिश्रीलाल झाड़े जी ,व्यवस्थापक अंकुर सिंह, सह व्यवस्थापक सनिष कुमार के नेतृत्व में शौर्य यात्रा कार्यक्रम सफलता पूर्वक हुआ।

# मुठभेड़ में मारे गए दोनों नक्सलियों की पहचान हुई है सीपीआई (माओवादी) के एरिया कमेटी मेंबर के रूप में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**सुकमा-बीजापुर, 25 मई।** एसटीएफ कोबरा की संयुक्त बल ऑपरेशन का हिस्सा थे । प्रतिबंधित और अवैध माओवादी संगठन के सदस्यों को पुलिस कि चेतावनी हैं कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो जाएं, अन्यथा अपने शीर्ष कमांडर बसाराजू की तरह भयावह अंत के लिए तैयार रहें। पेसलपाड़ मुठभेड़पुलिस अधीक्षक सुकमा श्री किरण चव्हाण द्वारा बताया गया कि जिला सुकमा के थाना किस्टाराम क्षेत्र में माओवादियों के उपस्थिति के आसूचना पर दिनांक 22.05.2025 को जिला सुकमा डीआरजी, एसटीएफ, कोबरा /CRPF की संयुक्त पुलिस पार्टी नक्सल विरोधी सर्च अभियान में रवाना हुए थे।अभियान के दौरान दिनांक 22/05/2025 के शाम 06 बजे से पेसलपाड़ क्षेत्र में माओवादियों और सुरक्षा बलों के बीच लगातार फायरिंग हुई मुठभेड़ स्थल से 01 पुरूष वर्दीधारी हार्डकोर माओवादी का शव हथियार सहित बरामद हुआ हैं ।

पेसलपाड़ मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की प्रारंभिक पहचान एरिया कमेटी मेंबर माड़वी माडा के रूप में हुई है, जो साउथ सब ज़ोनल ब्यूरो की डिप्टी कमांडर थे पेसलपाड़ मुठभेड़ स्थल से बरामद सामाग्री-01. 01 नग 09 एम एम ऑटोमेटिक सर्विस पिस्टल02. 01 नग बीजीएल लॉन्चर 03. 09 नग बीजीएल सेल04. 11 नग इलेक्ट्रिक डेटोनेटर 05. 18 नग .303 का जिंदा कारतूस 06. 02 नग पिस्टल का जिंदा कारतूस 07. 01 नग वायरलैस सेट08. चार्जर एवं अन्य सामग्री। पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ0 जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा बताया गया कि जिला बीजापुर एवं सुकमा के सरहदी क्षेत्र में माओवादियों की उपस्थिति की आसूचना पर डीआरजी सुकमा, एसटीएफ एवं कोबरा 210, 208 की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी।अभियान के दौरान दिनांक 22/05/2025 के प्रातः थाना उसूर क्षेत्रान्तर्गत तुमरेल के जंगल में PLGA बटालियन नम्बर 01 के माओवादियों एवं पुलिस पार्टी के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ स्थल सर्च करने पर 01 हार्डकोर माओवादी का शव हथियार एवं अन्य माओवादी सामग्री बरामद हुआ हैं तुमरेल मुठभेड़ में मारे गए नक्सली की प्रारंभिक पहचान साउथ बस्तर डिवीजन कमेटी के एरिया कमेटी मेंबर संदेश उर्फ सन्नू के रूप में हुई है। तुमरेल मुठभेड़ मुठभेड़ स्थल में सर्च कार्यवाही के दौरान 12 बोर बंदूक- जिंदा राउण्ड, एसएलआर के मेग्जीन- जिंदा राउण्ड- खाली खोखे, हेंड ग्रेनेड, रेडियो सेट विस्फोटक, माओवादी वर्दी, बैनर, पाम्पलेट, नक्सली साहित्य एवं अन्य नक्सल सामग्री बरामद किया गया । तुमरेल में हुई मुठभेड़ में कोबरा 210 का जवान सोलंकी मेहुलभाई पिता स्व0नंनदलाल भाई निवासी देवगाना, तहसील सिहोर जिला भावनगर, गुजरात को पार्थिव शरीर को दिनांक 22/05/2025 को माना, रायपुर में राजकीय सम्मान के साथ गार्ड आफ ऑनर (श्रद्धांजली) दी गई । शहीद जवान का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ गृह ग्राम देवगाना, जिला भावनगर, गुजरात में किया गया द्य । प्रतिबंधित और अवैध माओवादी संगठन के सदस्यों को चेतावनी- बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक श्री सुंदरराज पाटलिंगम ने बताया कि 21 मई 2025 को अबूझमाड़ के जंगलों में हुई ऐतिहासिक एंटी-नक्सल कार्रवाई, जिसमें सीपीआई माओवादी के शीर्ष कमांडर बावाराजू उर्फ क्क्रदादा का अंत हुआ द्य उस मुठभेड़ के बाद माओवादी संगठन ताश के पत्तों की तरह बिखरने लगा है। अनेक नक्सली कैडर अपने छिपने के ठिकानों से भागकर आत्मसमर्पण के लिए आगे आ रहे हैं।आईजीपी बस्तर रेंज ने प्रतिबंधित और अवैध माओवादी संगठन के सदस्यों को चेतावनी दी कि वे हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो जाएं, अन्यथा अपने शीर्ष कमांडर बसाराजू की तरह भयावह अंत के लिए तैयार रहें।

# छह महीने से बंद पड़ी है घड़ी चौक की घड़ी मरम्मत को लेकर नहीं की जा रही कोई पहल



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल,25 मई।** औद्योगिक नगर किरंदुल के घड़ी चौक में लगी घड़ी बीते छह महीनों से बंद पड़ी है। इस घड़ी को पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल में शासकीय मद से 12 लाख रुपये से अधिक खर्च कर बनवाया गया था, जिसका उद्देश्य नगर की सुंदरता और पहचान को बढ़ाना था।

जानकारी के अनुसार, जब तक पूर्व अध्यक्ष पद पर थे, तब तक यह घड़ी लगातार 24 घंटे चालू रही। लेकिन उनके पद से हटते ही तकनीकी खराबी आने के बाद यह बंद हो गई, और तब से अब तक उसे सुधारने की कोई ठोस पहल नहीं की गई है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वर्तमान में ऐसा प्रतीत होता है कि घड़ी चौक की इस घड़ी का कोई जिम्मेदार नहीं है। कई बार आम नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से इसकी मरम्मत की मांग की है। इस संबंध में समाचार पत्रों में कई बार खबरें प्रकाशित हुईं और यहां तक कि जनप्रतिनिधियों को व्हाट्सएप पर भी संदेश भेजे गए हैं, लेकिन अब तक किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया।नगरवासियों ने मांग की है कि जल्द से जल्द घड़ी की मरम्मत करवाई जाए ताकि शहर की पहचान बनी रहे और प्रशासन की जवाबदेही भी कायम रहे।

# तेंदूपत्ता का पानी में बह जाना वन विभाग की घोर लापरवाही का परिणाम:ताटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भोपालपटनम, 25 मई।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत राव ताटी ने कहा कि बे मौसम हुई बारिश मे चिंतावागु नदी किनारे फड़ो मे सुखाये गए तेंदूपत्ता की हजारों गड्डियां पानी में बह जाने से शासन को लाखों रुपया का नुकसान हुआ है। मौसम विभाग द्वारा अलर्ट जारी करने के बावजूद भी वन विभाग की लापरवाही के कारण सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं करने की वजह से शासन को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। ताटी ने सवाल खड़ा करते हुए कहा कि नदी किनारे बसे ग्राम पोषडपल्ली,करकावाया,बामनपुर एवं गोरगुण्डा के फड़ो में सुखाए गए तेंदूपत्ता की हजारों गड्डियां पानी में बह जाने से शासन को लाखों रुपए का जो नुकसान हुआ है अब इसकी भरपाई कैसे और कौन करेगा? पूर्व जिला पंचायत सदस्य का कहना है कि इस वर्ष प्रदेश सरकार ने ठेकेदारी प्रथा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाते हुए तेंदूपत्ता संग्रहण करने की जिम्मेदारी वन विभाग को सौंपी है लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस कार्य में रुचि नहीं लेने के कारण तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य में लगे श्रमिकों को बड़े पैमाने पर आर्थिक छति होने से साय सरकार की इस नयी नीति का तेंदुपत्ता श्रमिकों पर विपरीत असर पड़ा है उन्होंने ने कहा कि जिले के गरीब आदिवासीयों का वनोपज ही एक मात्र प्रमुख आय का स्त्रोत होता है लेकिन इन अधिकारियो को वनोपज संग्रहण कार्य मे किसी प्रकार की कोई रूचि नहीं है इनका पूरा ध्यान निर्माण कार्यों पर केंद्रित होता है ताकि इन कार्यों मे भ्रष्टाचार को अंजाम देते हुए मोटी रकम कमाई जा सके।

# नकुलनार पंचायत में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत निकली जागरूकता रैली




**दंतेवाड़ा, 25 मई ।** महिला एवं बाल विकास विभाग, दंतेवाड़ा के अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना (आईसीडीएस) कुआकोंडा द्वारा आज नकुलनार पंचायत में सुशासन तिहार समाधान शिविर 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रहीं।रैली का उद्देश्य समाज में बालिका शिक्षा के महत्व को उजागर करना और बेटियों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी श्री अनिल कुमार लोनिया ने बेटियों के अधिकार, शिक्षा और सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने की दिशा में एक क्रांतिकारी पहल है। समाधान शिविर के दौरान किशोरी बालिकाओं का हीमोग्लोबिन जांच एवं बॉडी मास इंडेक्स मापन का आयोजन भी किया गया। यह कार्य स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से किया गया, जिसमें किशोरियों में एनीमिया की पहचान की जा सके। इस पहल से न केवल किशोरियों के स्वास्थ्य की स्थिति स्पष्ट होगी, बल्कि उनके लिए पोषण और चिकित्सा पर उचित मार्गदर्शन भी सुनिश्चित किया जाएगा।समाधान शिविर में 13 गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म भी संपन्न की गई। इस अवसर पर उपस्थित सरपंच द्वारा माताओं को उचित पोषण, स्वास्थ्य जांच और नवजात की देखभाल के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। इसके साथ ही 7 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न किया गया, जो विभाग की कुपोषण मुक्त दंतेवाड़ा की दिशा में एक अहम कदम है। यह कार्यक्रम सही पोषण देश रोशन के उद्देश्य को साकार करने की एक प्रभावी पहल रही। इस समाधान शिविर के माध्यम से क्षेत्र की 6 पंचायतों से प्राप्त कुल 46 मांगों, आवेदनों को महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा त्वरित रूप से निराकृत किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, दंतेवाड़ा, सभी पर्यवेक्षकगण एवं आईसीडीएस कुआकोंडा की पूरी टीम सक्रिय रूप से उपस्थित रही। आयोजन की सराहना करते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने ऐसे शिविरों को नियमित रूप से आयोजित करने की मांग भी की।

# जनसंपर्क विभाग ने मेंढक डोबरा मैदान में प्रदर्शनी लगाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी



**दंतेवाड़ा, 25 मई ।** जनसंपर्क संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के अंतर्गत आज माँ दंतेश्वरी परिसर स्थल मेंढक डोबरा मैदान में जनसंपर्क विभाग द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकोंए हितग्राहियो, प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस आयोजन का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचानाए साथ ही इन योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को अपने अनुभव साझा करने का मंच प्रदान करना था। कार्यक्रम में विभिन्न जनपद पंचायतों से आए हितग्राहियों ने जानकारी दी शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनका आर्थिकए सामाजिक स्तर में बदलाव आया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं माँ दंतेश्वरी की वंदना से हुई। इसके उपरांत हल्बी और छत्तीसगढ़ी लोक नृत्यए गीत.संगीत की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। बच्चों एवं युवाओं द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग कार्यक्रमों ने माहौल में और भी उत्साह भर दिया।

### जनसंपर्क विभाग की प्रदर्शनी और जानकारी केंद्र

स्थल पर शासन की विभिन्न योजनाओं दृ जैसे प्रधानमंत्री आवास योजनाए आयुष्मान भारतए राशन कार्ड योजनाए किसान सम्मान निधिए और स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देने हेतु विशेष प्रदर्शनी लगाई गई थी। इन केंद्रों में उपस्थित अधिकारियों ने लोगों को योजनाओं के पंजीयनए पात्रता एवं प्रक्रिया की जानकारी दी।

### हितग्राहियों की जुबानी सफलता की कहानियाँ

मंच से कई हितग्राहियों ने अपनी जीवन यात्रा और शासन की योजनाओं से हुए लाभ को साझा किया। किसी ने स्वरोजगार योजना के माध्यम से छोटी इकाई स्थापित की तो किसी ने आयुष्मान योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा का लाभ लिया। इन अनुभवों ने अन्य लोगों को भी योजनाओं से जुड़ने की प्रेरणा दी।

### उत्साह उल्लास और खुशी का माहौल

पूरे कार्यक्रम में ग्रामीणोंए विशेषकर महिलाओं और युवाओं की विशेष भागीदारी देखने को मिली। कार्यक्रम में खेलकूदए प्रश्नोत्तरीए जैसे गतिविधियां भी आयोजित की गईंए जिनमें प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। उक्त कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पायल गुप्ताए संचालनालय रायपुर से आई इवेंट टीम, आर, जे नमित, उप संचालक श्री रजित पुजारी, जिला समन्वयक सुश्री रेणुका सिंह, सहायक श्री अमित शर्माए सहायक ग्रेड.2 , सत्यनारायण नागए सहायक ग्रेड.3 , जालंधर गोयलए वाहन चालक श्री तोपेश्वर सेठियाए फोटोग्राफर ,रामचंद्र, डाटा एंट्री ऑपरेटर सुश्री सविता कराटियाए सहित गीदमए दंतेवाड़ाए कटेकल्याणए कुआकोंडाए से बिहान और स्व सहायता समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

### समापन पर अधिकारियों की उपस्थिति

कार्यक्रम के अंत में जनसंपर्क विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी प्रतिभागियोंए हितग्राहियोंए कलाकारों एवं आयोजन टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया और सुशासन तिहार को जन.जागरूकता का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। दंतेवाड़ा में आयोजित यह जिला स्तरीय इवेंट न केवल शासन की योजनाओं की जानकारी का केंद्र रहाए बल्कि यह लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का भी जीवंत दस्तावेज बन गया। सुशासन तिहार जैसे आयोजनों से सरकार और जनता के बीच की दूरी घटती है तथा जनहितकारी योजनाओं की पहुँच व्यापक स्तर तक सुनिश्चित होती है।

### शिक्षा व कोचिंग के लिए 11 जून तक निविदाएं आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 25 मई ।** जिला शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला प्रशासन दंतेवाड़ा द्वारा संचालित ''छू लो आसमान'' कन्या, बालक आवासीय परिसर कारली एवं बालूद में संस्था में ''रूचि की अभिव्यक्ति'' के तहत राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय इंजीनियरिंग और मेडिकल में प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए परिणामोन्मुखी अध्यापन सह कोचिंग कार्य कराये जाने हेतु दर प्रस्तुत करने मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 11 जून 2025 समय अपरान्ह 3.00 बजे, निविदा खोलने की अंतिम तिथि 11 जून 2025 समय अपरान्ह 4.00 बजे तक है।

### कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन एवं कृषि विज्ञान केंद्र की समीक्षा बैठक आयोजित

**दंतेवाड़ा, 25 मई ।** आज जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मछली पालन विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में कलेक्टर द्वारा कृषि विभाग से संबंधित विभागीय अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी मैदानी अधिकारियों को जून माह तक केसीसी किसान क्रेडिट कार्ड के शत.प्रतिशत प्रकरण तैयार करनेए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं एग्रीस्टेक पोर्टल पर शेष किसानों का शीघ्र पंजीयन पूर्णए मृदा नमूना संग्रहण में गति लाने जैविक खेती के प्रति जागरुकता लाने हेतु प्रचार-प्रसार तेज करना किसानों को धान की पारंपरिक खेती के स्थान पर वैकल्पिक फसलें अपनाने हेतु शिविर आयोजित कर प्रोत्साहित करने को कहा गया। इसी प्रकार उद्यानिकी विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि 1000 हेक्टेयर रकबे में ऑयल पाम के लिए सही हितग्राहियों का क्लस्टर स्तर पर चयन किया जाएए साथ ही केसीसी लक्ष्य की शत.प्रतिशत पूर्ति करने हेतु अभियान चलाया जाए।

इस क्रम में पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि किसानों को मौसमी बीमारियों से पशुओं की सुरक्षा हेतु जागरुकता अभियान चलाए जाएं।

# बिहान की राज्य मिशन संचालिका ने दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिलों के आजीविका कार्यों की समीक्षा की

**दंतेवाड़ा, 25 मई ।** छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की राज्य मिशन संचालक श्रीमती जयश्री जैन द्वारा विगत दिवस जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में एक वृहद समीक्षा बैठक अन्तर्गत दंतेवाड़ा, बीजापुर एवं सुकमा जिलों में बिहान मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न आजीविका कार्यक्रमों की प्रगति और भविष्य की रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा सहित जिला सुकमा, बीजापुर के अधिकारी सहित उप संचालक पंचायत मिथिलेश किसान उपस्थित रहे। बैठक के दौरान नियद नेल्लानार गांव में प्रत्येक स्व-सहायता समूह सदस्य के लखपति आजीविका योजना हेतु विस्तृत सर्वेक्षण एवं समूहों से जोड़ने की प्रक्रिया की समीक्षा, इसके अतिरिक्त सखी योजना, महिला किसान उत्पादक कंपनियां, इंटीग्रेटेड फार्म क्लस्टर, कस्टम हायरिंग सेंटर, समूह संतृप्ति (सैचुरेशन), बैंक लिंकेज इत्यादि महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में राज्य मिशन संचालक द्वारा जिले एवं विकासखंड स्तर के अधिकारियों को कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उन्होंने नियद नेल्लानार के धुरली गांव में स्वयं सहायता समूह की दीदियों से भेंट की और उनके अनुभव सुने। साथ ही, गामावाड़ा एवं भांसी गांवों में लखपति दीदियों से भी मिलकर उनके कार्यों की सराहना की।

## एक नजर

### सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण



**कांकेर 25 मई ।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं गर्भवती महिलाओं के गुणवत्तापूर्वक जांच हेतु विशेष दिवस जो हर माह की 9 एवं 24 तारीख को आयोजित की जाती है, जिसमें मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं की जांच, उच्च जोखिम महिलाओं को विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित के द्वारा जांच की जाती है। इस अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बगोडार, लखनपुरी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा अस्पताल का औचक निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने गर्भवती हितग्राहियों से मिलकर उनका हालचाल पूछा व योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने मितानिनों से बातचीत कर हितग्राहियों को अस्पताल तक पहुंचाने में प्रोत्साहित करने हेतु उचित मार्गदर्शन दिया। साथ ही सभी प्रभारी चिकित्सकों एवं स्टॉफ को विशेष दिवस के रूप में मनाए जाने हेतु निर्देशित किया, जिसमें गर्भवती महिलाओं हेतु रिफ्रेशमेंट एवं सभी आवश्यक सुविधाएं संस्था में उपलब्ध हो। निरीक्षण के दौरान जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वंदना व्यास, जिला नोडल अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार सोनी एवं जिला सलाहकार डॉक्टर विनोद वैद्य उपस्थित थे।

### श्याम मंदिर में 28 से श्रीमद् भागवत कथा

**रायपुर ।** मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल, छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच ,युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई के द्वारा 28 मई से 03 जून तक समता कॉलोनी स्थित श्याम खाटू मंदिर में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है । वृंदावन के मशहूर कथा वाचक, विद्वान पंडित डॉ संजय कृष्ण सलिल भक्त जनों को भागवत कथा का रसपान कराएंगे ।भागवत कथा आयोजन समिति के संयोजक विष्णु गोयल ,कन्हैया अग्रवाल ने उक्ताशय की जानकारी देते हुए बताया कि सात दिनों तक चलने वाले इस भक्तिमय आयोजन में अलग-अलग दिन भगवान की अलग-अलग लीलाओं का मंचन भी होगा । संगीत और सुरों के साथ भागवत कथा के दौरान वातावरण को पूरी तरह कृष्ण मय बनाने के लिए सभागार को विशेष रूप से सुसज्जित किया जाएगा ।28 जून को प्रातः भागवत भगवान की शोभायात्रा निकलेगी तत्पश्चात प्रथम दिवस की कथा शाम चार बजे से खाटू श्याम मंदिर में प्रारंभ होगी । प्रथम दिवस कुंती स्तुति, भीष्म भीष्म स्तुति सहित अन्य प्रसंग कथा में होंगे । द्वितीय दिवस 29 मई को सुखदेव जन्म, परीक्षित जन्म, आदि कथा प्रसंग में होंगे । 30 मई को तीसरे दिन ध्रुव चरित्र, जड़ भरत राहुगन संवाद, प्रहलाद चरित्र चौथे दिन गजेंद्र मोक्ष ,समुद्र मंथन, रामजन्म, बली वामन चरित्र, श्री कृष्ण जन्मोत्सव , नंदोत्सव मनाया जाएगा । पांचवें दिन भगवान कृष्ण की बाल लीला, कालिया मर्दन, गिरजा धारण लीला , होली महोत्सव होगा । छठवें दिन रासलीला, कंस वध ,रुक्मणी विवाह का आयोजन होगा । सातवें दिन सुदामा चरित्र, कृष्ण उद्धव संवाद ,श्रीमद् भागवत पूजन के साथ कथा का समापन होगा और भक्तजनों के लिए भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### बाढ़ से निपटने जिला प्रशासन सतर्क, कंट्रोल रूम और राहत शिविरों की तैयारी शुरू

**दुर्ग, 25 मई ।** आगामी मानसून सत्र के दौरान संभावित भारी वर्षा और बाढ़ की आशंका को ध्यान में रखते हुए आज कलेक्टर सभाकक्ष में बाढ़ राहत एवं आपदा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर श्री विरेन्द्र सिंह ने की। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को बाढ़ से बचाव एवं राहत कार्यों के लिए समय रहते पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।अपर कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष सामान्य से अधिक वर्षा की संभावना है। ऐसे में सभी तहसीलों और नगरीय निकायों में कंट्रोल रूम की शीघ्र स्थापना की जाए और नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर उनकी सूचना जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा। बाढ़ संभावित क्षेत्रों में अस्थायी राहत शिविर पहले से चिन्हित कर लिए जाएं और वहां भोजन, चिकित्सा, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था पूर्ण कर लेने को कहा।

### ट्रिपल मर्डर गर्दन पर चोट के निशान

# पति के पास रुकी पुलिस डॉग रूबी, मां-बच्चों की लाश में लगे थे कीड़े



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 25 मई।** गुरुवार को बंद कमरे में मां और उसके बेटा-बेटी की लाश मिली थी। अब मृतका के पति पर हत्या की आशंका जताई जा रही है। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव को परिजनों को दे दिया गया है। फिलहाल, पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है। मामला छाल थाना क्षेत्र ग्राम किदा की है।

मरने वालों की पहचान सुकांति साहू (35), बेटा युगल साहू (10) और बेटी प्राची साहू (08) के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक, साइबर और पुलिस अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। तीनों की मौत किन कारणों से हुई है। इसे लेकर हर एंगल में जांच की जा रही है। वहीं सुबह डॉग स्क्वायड की टीम भी पहुंची। जिन लोगों पर पुलिस को शक था, उन्हें खड़ा कर पुलिस डॉग रूबी को घर में मिले कपड़े को सुंघाकर आरोपी की पहचान कराई जा रही थी। पुलिस डॉग मृतका के पति महेंद्र साहू के पास रुक गया और उसके ऊपर चढ़ रहा था। जब दूसरी बार पुलिस डॉग को ले जाया गया तो वह एक बार फिर महेंद्र साहू के पास रुक गया। इसलिए उसी पर शक है।

गांव के ग्रामीणों से बातचीत की, तो उन्होंने बताया कि, पुलिस ने आज सुबह शव को कमरे से बाहर निकाला। इससे पता चला कि, तीनों के गर्दन के पास चोट के निशान हैं। आशंका है कि छोटे धारदार हथियार से उन पर वार किया गया है। जिससे उनकी मौत हो गई।

#### पति पर हत्या का संदेह

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, मृतका का पति महेन्द्र साहू तीन दिन पहले पड़ोस में रहने वाले व्यक्ति के साथ घरघोड़ा कमाने के लिए गया था, लेकिन संभवत~ उसी रात वो वापस आया और नशे में उसने अपनी पत्नी बच्चों की हत्या कर चला गया। हत्या का कारण क्या है, यह अभी सामने नहीं आ सकी है, लेकिन आशंका जताई जा रही है कि, उसी ने घटना को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि वह गांजा और शराब के नशे में धुत्त रहता था। कल जब कमरे में शव मिले तो उन्हें मरे हुए 3 दिन हो चुके थे। तीनों शवों में कीड़े पड़ चुके थे और कमरे से दुर्गंध आ रही थी। घटनास्थल से करीब 2 से 3 सौ मीटर तक दुर्गंध फैलने के बाद पता चला और पुलिस को सूचना दी गई।

#### अभी कुछ कहा नहीं जा सकता

इस मामले में छाल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने बताया कि, पुलिस मामले में बारीकी से जांच कर रही है। शव पूरी तरह सड़ चुका था। हत्या है या और कुछ कारण इसका पता लगाया जा रहा है। अभी इस मामले में कुछ भी नहीं कहा जा सकता।

## प्रदूषण की मार से कराहता रायगढ़



**रायगढ़,25 मई।** रायगढ़ जिला छत्तीसगढ़ के सबसे प्रदूषित जिलों में शामिल है और देश के सबसे प्रदूषित शहरों में 48वें स्थान पर है। यहां वायु, जल और भूमि प्रदूषण गंभीर स्तर पर है, जिससे सांस, दमा, कैंसर, लिवर और हृदय रोग जैसी बीमारियां आम हो गई हैं। जिले में बड़े पैमाने पर कोयला खनन, इस्पात, पावर प्लांट और अन्य भारी उद्योग संचालित हैं, जो प्रदूषण के प्रमुख स्रोत हैं।

कोयले का परिवहन, फ्लाई ऐश का अवैध डंपिंग, और औद्योगिक अपशिष्ट का तालाबों व नदियों में मिलना प्रदूषण को और बढ़ा रहा है। जिले की वायु गुणवत्ता सूचकांक (।फ्प्) कई बार 363 तक पहुंच गई है, जो बेहद खतरनाक है। ग्रामीण क्षेत्रों में पानी में डस्ट की मोटी परत जमा हो रही है, जिससे मछलियां मर रही हैं और पानी नहाने योग्य भी नहीं बचा है।

#### प्रशासनिक कार्रवाई

प्रशासन ने प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर सख्ती दिखाई है 2024-25 में कई उद्योगों पर करोड़ों रुपये का जुर्माना लगाया गया है। नए दिशा-निर्देश और ैव्च् जारी किए गए हैं, लेकिन स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रशासनिक कार्रवाई अभी भी अपर्याप्त है।

#### स्वास्थ्य और सामाजिक प्रभाव

प्रदूषण के कारण हर दूसरे परिवार में कोई न कोई सदस्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित है। कुछ गांवों में फ्लोरोसिस जैसी बीमारियां व्यापक हैं, जिससे बच्चों के हाथ-पैर टेढ़े हो रहे हैं। लोग मास्क पहनने को मजबूर हैं और शुद्ध पानी व हवा की उपलब्धता संकट में है। रायगढ़ जिले में पर्यावरण प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर है। वायु, जल और भूमि सभी स्तरों पर प्रदूषण का असर दिख रहा है, जिससे जनस्वास्थ्य और पारिस्थितिकी दोनों पर गहरा संकट मंडरा रहा है।

## तेंदूपत्ता संग्राहकों को किसी भी प्रकार का आर्थिक नुकसान नहीं होगा

**बीजापुर 25 मई ।** प्रबंधक संचाकल जिला वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित बीजापुर एवं वन मंडलाधिकारी श्री रामाकृष्णा रंगानाथा वाय ने बताया कि तेन्दूपत्ता का नियमानुसार बीमा कराया जाता है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित होने पर बीमा कंपनी द्वारा भुगतान किया जाता है।

उल्लेखनीय है कि तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2025 में जिला वनोपज सहकरी यूनियन मर्यादित बीजापुर द्वारा 121600 मानक बोरा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शासन के नीति अनुसार इस वर्ष विभागीय संग्रहण किया जाना है। 09 मई 2025 को तेन्दूपत्ता तोड़ाई प्रारंभ किया गया है, 21 मई 2025 तक की स्थिति में 12226.638 मानक बोरा संग्रहण हुआ है। समिति देपला के फड़ कोत्तागुड़ा, गोरगुण्डा-अब, पोषडपल्ली, कारकावाया एवं समिति चेरपल्ली के लॉट क्रमांक 12 अ-चेरपल्ली के फड़ चिल्लामरका का संग्रहित तेन्दूपत्ता की गड्डियां जो कि पूर्व वर्षो की भांति इस वर्ष भी नदी किनारे चट्टा लगाकर सुखाया जा रहा था, 22 मई 2025 को आधी रात में बेमौसम बारिश होने के कारण एवं 23 मई 2025 नदी में जल स्तर बढाने से उपरोक्त फड़ों के चट्टा लगाकर रखी गई कुल गड्डियां 460840 में से 323539 तेज पानी के बहाव में नदी में बह गया है जिसका परिश्रमिक राशि रू. 17,79,465.00 होता है। फड़ में प्राकृतिक रूप एवं दुर्घटना से होने वाली क्षति का बीमा कराया गया है बीमा राशि प्राप्त करने हेतु इंश्योरेन्स कंपनी क्लेम किया जा चुका है। संग्राहकों को किसी भी प्रकार का नुकसान नही होगा उनके पारिश्रमिक का दाम उनके बैंक खाता में ऑनलाईन साफ्ट वेयर के माध्यम से भुगतान किया जायेगा।

## ग्राम पंचायत एसेबेड़ा में जिला स्तरीय समाधान शिविर आयोजित

**कांकेर, 24 मई ।** प्रदेश सरकार द्वारा मनाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतिम चरण में जिले के सभी विकासखण्डों के चयनित क्लस्टर ग्राम पंचायतों में प्रतिदिन समाधान शिविरों का आयोजन कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज जिला स्तरीय समाधान शिविर जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के ग्राम एसेबेड़ा में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर में पहले चरण में प्राप्त आवेदनों की स्थिति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। एसेबेड़ा क्लस्टर में कुल 2179 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 2139 का निराकरण जिला प्रशासन द्वारा किया जा चुका है।

जिला स्तरीय समाधान शिविर में उपस्थित कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह परलकोट क्षेत्र कृषि, दुग्ध, सब्जी एवं मत्स्य पालन के क्षेत्र में अग्रणी है और जिला प्रशासन इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के विकास हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि जो पात्र हितग्राही अब तक आवास योजना से वंचित रह गए हैं, उन्हें ÷आवास प्लस प्लस÷ के तहत आगामी 2-3 महीने में इसकी स्वीकृति अवश्य मिलेगी। उन्होंने यह भी समझाईश दी कि यदि कोई भी कर्मचारी प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पैसे की मांग करता है या ऐसी कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आवास प्लस में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का सर्वे कराने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी को दिए। समाधान में शिविर में जिला पंचायत सीईओ ने भी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाएगा।कोयलीबेड़ा विकासखण्ड में आयोजित समाधान शिविर में कृषि विभाग की ओर से 16 किसानों को मक्का बीज मिनी किट वितरित किए गए। इसी तरह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 03 हितग्राहियों को पूर्ण आवास की चाबियां सौंपी गई तथा खाद्य विभाग द्वारा 29 हितग्राहियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग द्वारा 6 बुजुर्गों को वृद्धा पेंशन के रूप में 500 रूपए की राशि स्वीकृत कर 02 हितग्राहियों को मनरेगा जॉब कार्ड का वितरण भी किया गया।

## जन विश्वास की ओर दस कदम, पंजीयन विभाग की दस क्रांतिकारी सुविधाएं पर आधारित कार्यशाला



**बीजापुर, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं वित्तमंत्री श्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में जनसाधारण को सहूलियत पहुंचाने रजिस्ट्री नियमों में 10 क्रांतिकारी बदलाव किए गए हैं। जिसका जमीन खरीदी -बिक्री करने वाले प्रदेश के जनता को प्रत्यक्ष रूप से लाभ पहुंचेगी। उक्त नए नियमों के बदलाव एवं सुविधाओं को जन साधारण तक पहुचाने के लिए कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में राजस्व अधिकारियों द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता सोम पुजारी, जनपद अध्यक्ष बीजापुर श्री सोनू पोटाम, जनपद अध्यक्ष भैरमगढ़ सहित वरिष्ठ नागरिक श्री घासीराम नाग, श्री निवास मुदलियार सहित राजस्व विभाग के अधिकारीगण, अपर कलेक्टर श्री भूपेन्द्र अग्रवाल एवं एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल सहित जनप्रतिनिधिगण, वार्ड पार्षद, स्टाम्प वेंडर, दस्तावेज लेखक, गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधिगण प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

कार्यशाला को संबोधित करते हुऐ पूर्व मंत्री श्री महेश गागड़ा ने रजिस्ट्री नियम के लिए ऐतिहासिक बदलाव से जमीन की खरीदी बिक्री, एवं रजिस्ट्री की प्रक्रिया सुगम एवं सुरक्षित ढंग से होने से फर्जी रजिस्ट्री सहित जमीन संबंधी अन्य विवादास्पद परिस्थितियों से निजात मिलेगी। वहीं इस ऐतिहासिक निणर्य को जनसाधारण के महत्वपूर्ण एवं लाभदायक बताया वहीं। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने इसे शासन की बहुत अच्छी पहल बताते हुए कहा कि अब रजिस्ट्री में होने वाली कठिन प्रक्रियाओं से मुक्ति मिलेगी। नामांतरण अब रजिस्ट्री के बाद स्वतः हो जाएगा घर बैठे रजिस्ट्री एवं जमीन के बारे में जानकारी आसानी से हो जाएगा। इस नियम का व्यापक स्तर पर जनसाधारण के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगो में जागरूकता किया जाएगा।कार्यशाला में रजिस्ट्री नियमों के संशोधन से संबंधित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। वहीं मास्टर ट्रेनर द्वारा पंजीयन विभाग की 10 क्रांतिकारी सुविधाओ को पीपीटी के माध्यम से बताया गया। जिसके अन्तर्गत फर्जी रजिस्ट्री रोकने के लिए आधार सत्यापन- क्रेता-विक्रेता की पहचान सीधे आधार संख्या और बायोमैट्रिक के माध्यम से की जाएगी, जिससे फर्जी रजिस्ट्री की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण संभव होगा।रजिस्ट्री खोज एवं डाउनलोड-रजिस्ट्री की जानकारी अब आपकी अंगुलियो पर- खसरा नंबर दर्ज कर संपत्ति की पूर्व रजिस्ट्री की जानकारी देखी जा सकती है और दस्तावेज डाउनलोड किए जा सकते हैं। यह पारदर्शिता और सुरक्षित खरीद को बढ़ावा देता है।ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र- संपति की कानूनी स्थिति अब आपके सामने- संपत्ति पर ऋण, बंधक या पूर्व विक्रय की स्थिति अब ऑनलाइन भारमुक्त प्रमाण पत्र के माध्यम से आसानी से ज्ञात की जा सकती है।स्टाम्प एवं रजिस्ट्री शुल्कों का कैशलेस भुगतान- स्टाम्प शुल्क और पंजीयन शुल्क अब एकीकृत रूप से क्ष्ढ्ढ डेबित कार्ड, नेट बैंकिंग आदि से कैशलेस रूप में भरे जा सकते हैं।व्हॉट्सएप सेवायें- स्लॉट बुकिंग, दस्तावेज की स्थिति, पंजीयन पूर्ण होने की सूचना एवं रजिस्ट्री की प्रति व्हाट्सएप के माध्यम से स्वतः प्राप्त होगी।डिजीलॉकर सेवायें- पंजीकृत दस्तावेज अब डिजीलॉकर में डिजिटल रूप में संरक्षित रहेंगे, जिन्हे आवश्यकता अनुसार कभी भी डाउनलोड किया जा सकेगा।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियानः मातृ मृत्यु दर कम करने जिले में चलाया गया विशेष अभियान



**रायगढ़,25 मई।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा के कार्य संचालन में जिले के समस्त विकास खण्डों में मातृ मृत्यु दर कम करने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का विशेष आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस के अवसर पर प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं का संपूर्ण जांच किया गया। प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का आवश्यक जांच, हिमोग्लोबिन, ब्लाड प्रेशर, शुगर, सिकलिन, मलेरिया, एचआईव्ही, वजन, ऊचाई, टैबलेट आयरन, कैल्शियम एवं स्वच्छता संबंध में महिला चिकित्सक द्वारा विशेष रूप से उपचार एवं काउंसलिंग की गई। जिसके पश्चात् उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं का निजी सोनोग्राफी सेन्टरों में निश्शुल्क जांच कराया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की पहचान कर विशेषज्ञ तथा प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवक्तापूर्वक सम्पूर्ण प्रबंध सुनिश्चित करना है। उच्च जोखिम श्रेणी में आने वाली गर्भवती महिलाओं का समुचित एवं सुनियोजित प्रबंधन सुनिश्चित कर राज्य में मातृ मृत्यु अनुपात को कम किया जा रहा है, जिसके लिए प्रत्येक माह के 09 एवं 24 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस जिलों के समस्त जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा चिन्हांकित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में किया जाएगा। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान दिवस का राज्य स्तरीय सलाहकार श्रीमती चांदनी श्रीवास्तव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चपले खरसिया का निरीक्षण किया गया। इसी प्रकार सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पुसौर, डॉ. केनन डेनियल नोडल अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लैलूंगा, डॉ.सुमित कुमार मण्डल नोडल अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयनगर धरमजयगढ़, डॉ.राजेश मिश्रा आरएमसीएचए (सलाहकार) द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घरघोड़ा एवं डॉ. सोनाली मेश्राम शहरी कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा रायगढ़ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में निरीक्षण किया गया।

## सांसद संजय सिंह का कुरुद में किया गया स्वागत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**कुरूद, 25 मई।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह का आगमन 24 मई को कुरुद मे सुबह 9~00 बजे सांसद महोदय का बस स्टैंड कुरूद में सभी कार्यकर्ताओ ने भव्य रूप से स्वागत किया सांसद महोदय के आने से एक बार फिर आम आदमी पार्टी में जान आ गई ।सभी कार्यकर्ता जोस से भर गए सांसद महोदय 23 मई को शाम 8~00 बजे रायपुर एयरपोर्ट में पहुँचे वहा से 9 बजे निकलकर 9~30 बजे कुरुद पहुँचे जहाँ कुरुद के कार्यकर्ताओ ने बाजे गाजे व आटीशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया सांसद महोदय ने चरमुड़िया सरपंच श्रीमती नीतू तोड़ेकार को बधाई दी और जिलाध्यक्ष विनोद सचदेव की प्रसंसा करते हुवे कार्यकर्ताओ से कहाँ की छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिला में पार्टी को मजबूत करेंगे हमारी पार्टी एक ईमानदार पार्टी हैं, सभी जानते हैं दिल्ली में कितना विकास हुवा हैं उसी के तर्ज पर यहां भी विकास होगा। आने वाला समय केवल आम आदमी पार्टी क़ा हैं स्वास्थ और शिक्षा को प्रमुखता से रखा जायेगा। कालेज स्तर पर भी विद्यार्थियों को जोड़ा जायेगा और युवाओं को विद्यार्थि जीवन में होने वाली तकलीफो से निजाद दिलाया जायेगा कुरुद से निकलकर वे धमतरी के सिहावा अंचल अंतर्गत उमरादेहान गांव के लिए जायेंगे उनके साथ प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू , प्रदेश महासचिव वददू आलम , प्रदेश संगठन महासचिव जसबीर सिंह , प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी और प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय , प्रदेश उपाध्यक्ष देवलाल नरेटी , प्रदेश संगठन मंत्री तेजेंद्र तोड़कर , व प्रदेश के सभी नेता साथ रहेंगे धमतरी जिला के आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष विनोद सचदेव ने बताया कि सांसद महोदय संजय सिंह , सुदूर अंचल क्षेत्र उमरादेहान (कौहाबाहरा) में डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा क़ा अनावरण करेंगे तथा आदिवासी समाज के लोगों से गंभीर विषयों पर चर्चा करेंगे। तथा साथ ही अंचल के पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात करेंगे । स्वागत में पार्टी के सभी कार्यकर्ता व जिला के सभी पदाधिकारी शामिल हुवे।

## शहर क्षेत्र के हर एक वार्ड में नाले-नालियों की युद्धस्तर पर हो रही सफाई, बारिश से पहले जल जमाव की स्थिति से बचने की तैयारी



**दुर्ग, 25 मई।** नगर निगम द्वारा चलाये जा रहे महापौर- महासफाई अभियान के तहत लगातार महा अभियान से वार्डो के नालियों में सफाई व्यवस्था बेहतर देखने को मिल रहा है।अभियान को लेकर आज वार्ड 46 पद्मनाभपुर क्षेत्र वार्ड में महासफाई अभियान चलाकर नालियों की तल्ले से सफाई कराई गई।

अभियान का निरीक्षण कर रहे निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने साथ चल रहे अधिकारियों को वार्ड की छोटी व टूटी नालियों की मरम्मत के लिये प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिये।

नगर निगम आयुक्त ने स्पष्ट किया कि स्वच्छता महापौर- महा अभियान को प्राथमिकता दी जा रही है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे नालियों में कचरा न डालें और नगर निगम के स्वच्छता प्रयासों में सहयोग करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर वार्ड में नियमित निरीक्षण करते हुए सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए।

दुर्ग में नगर आयुक्त ने नाली साफ कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि सभी नालियों की नियमित रूप से निगरानी की जाए और सफाई कार्य में कोई लापरवाही न हो,निरीक्षण के दौरान उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नए बन रहे सुआ चौक स्थित अटल परिसर का निर्माण पूरा सफाई करवाकर कार्य को जल्द चालू किया जाए.उन्होंने एमआईसी नरेंद्र बंजारे, पार्षद लीलाधर पाल,पार्षद संजय अग्रवाल,पार्षद सरिता विनोद चन्द्राकर,नोडल स्वास्थ्य अधिकारी मोहेंद्र साहू, प्रेरणा दुबे,शोएब अहमद,गौतम साहू,कुणाल, राहुल सहित अमला मौजूद रहें।विवेका नंद सभागार क्षेत्र,सुआ चौक,जनता मार्केट, एमआईजी कालोनी सहित अन्य क्षेत्र के नालियों ई तल्ले से सफाई कराई गई। अभियान का निरीक्षण कर रहे आयुक्त सुमित अग्रवाल ने इस दौरान वार्डवासियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि नालियों की सफाई के दौरान दिक्कतें आने पर पुराने व बंद हो चुके नलों की पाईप लाईन को हटवाया जायेगा।उन्होंने जेल रोड से लेकर ठगड़ा बांध होते हुए महाराजा चौक तक यातायात में बाधित सड़क किनारे पड़े कंडम ( कबाड़ ) गाड़ियों पर कार्रवाही कर जब्त करने अधिकारी को निर्देशित किया।साथ ही उन्होंने रिक्त पड़े भूखंड को नोटिस देने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा लगातार शहर हर एक वार्डो में नाले-नालियों की युद्धस्तर पर हो रही सफाई,बारिश से पहले जल जमाव की स्थिति से बचने की तैयारी की जा रही है।

जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के लिए जांच शिविर का आयोजन, 2177 हितग्राही लाभान्वित

# शिविर में की गई उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 मई।** जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अन्तर्गत उच्च जोख़िम गर्भवती महिलाओं की पहचान के लिए विशेष जांच शिविर जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित किया गया। उक्त जाँच शासकीय एवं निजी स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उच्च जोख़िम गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनका उचित प्रबंधन किया जाता है ताकि जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। शिविर अंतर्गत कुल 2177 महिलाओं का पंजीयन किया गया जिनकी बीपी, शुगर, एच आई वी, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, सीबीसी, सिफलिस, यूरिन, मलेरिया जाँच हुई एवं डॉप्लर भी किया गया। 90 महिलाओं की स्पॉट पर ही सोनोग्राफी भी की गई। 164 महिलाएं ऐसी हैं जिनकी पूर्व में सिजेरियन डिलीवरी हुई है। सभी को जरूरी दवाईयों सहित पोषण आहार, परिवार नियोजन, तथा प्रसव की तैयारी बाबत कॉउंसिलिंग भी की गई।

**शिविर में लगाई गई स्टाफ की ड्यूटी :** शिविर में व्यवस्था पूरी तरह से सुव्यवस्थित रहे इसके लिए सी एम एच ओ डॉ अवस्थी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक विगत दिनों से दौरे और मीटिंग के माध्यम से इसकी तैयारी में रहे। डीपीएम सृष्टि मिश्रा के अनुसार व्यवस्था इस प्रकार से बनाई गई थी कि, हितग्राहियों का कार्य सुगमता से पूर्ण हो। इसमें पंजीयन, लैब जाँच, ओपीडी, कॉउंसिलिंग, दवाई वितरण जैसे प्रत्येक कार्यों हेतु स्टाफ को जिम्मेदारी दी गई जिससे कार्य सरलतापूर्वक हो सके। आई हुई हितग्राहियों के जलपान की भी व्यवस्था की गई। राज्य कार्यालय से डॉ आनंद वर्मा तथा डॉ अक्षय शक्ति तिवारी भी कार्यक्रम का जायज़ा लेने पहुँचे।

## समाचार संक्षेप

### आकाशगंगा से जुड़ी रोचक जानकारी प्राप्त की बच्चों ने



**कसडोल/सोनाखान, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पीएम सेजेस गुरु घासीदास हायर सेकेंडरी स्कूल कसडोल में विद्यार्थियों के लिए ओ 2 तारामंडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, यह आयोजन जिला प्रशासन के निर्देश में जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय के मार्गदर्शन में, विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद ध्रुव के सहयोग से सम्पन्न हुआ। तारामंडल डोम के माध्यम से छात्रों ने ब्रह्माण्ड, ग्रहों, तारों, एस्ट्रोनेड के कारण डायनासोर का विलुप्त होना और आकाशगंगा से जुड़ी रोचक जानकारियां 3 डी रूप में देखा और ज्ञान प्राप्त किए, तथा वैज्ञानिक सोच का प्रोत्साहन मिला। बच्चे बहुत ही ज्यादा आनंदित हुए। प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा व शिक्षकों ने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में रुचि विकसित करने हेतु इस तरह की गतिविधियों की सराहना की।

### शराब के लिए रुपए नहीं देने पर पुत्र ने पिता के साथ मारपीट कर घर में लगाई आग



**कसडोल/सोनाखान, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्राम रंगोरा में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां शराब के लिए पैसे न मिलने पर एक पुत्र ने अपने ही पिता से मारपीट कर घर को आग के हवाले कर दिया। पुलिस ने महज आठ घंटे में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रंगोरा निवासी नरसिंग पैकरा नें पुलिस चौकी बया में शिकायत दर्ज कराई कि दिनांक 22 मई 2025 को उनका पुत्र अमर सिंह पैकरा (उम्र 37 वर्ष) ट्रैक्टर से ईंट उतारने के दौरान शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने लगा। जब पिता ने पैसे देने से इनकार किया, तो आरोपी ने उन्हें गालियाँ देते हुए हाथ, मुक्का और डंडे से बेरहमी से पीटा। मारपीट में प्रार्थी के पीठ और अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं।घटना यहीं नहीं थमी–आक्रोश में आकर अमर सिंह ने यह धमकी दी कि वह घर में आग लगा देगा। कुछ ही देर में उसने अपने पिता के घर में आग लगा दी, जिससे घर में रखा अनाज, कपड़े, दैनिक उपयोग की वस्तुएं और नगदी जलकर पूरी तरह खाक हो गई। कुल नुक़सान 1, 08, 500 आँका गया है।चौकी बया पुलिस ने शिकायत मिलते ही तत्परता दिखाई और पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में विशेष टीम गठित की। टीम ने आरोपी को ग्राम धनोरा, थाना पिथौरा, जिला महासमुंद से कुछ ही घंटों में हिरासत में ले लिया।पूछताछ के दौरान अमर सिंह ने स्वीकार किया कि शराब के लिए पैसे न मिलने के कारण उसने पिता से मारपीट कर घर में आग लगाई। उसके खिलाफ अपराध क्रमांक 37/2025 धारा 296, 115(2), 326(छ) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को दिनांक 23 मई 2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है।यह घटना समाज में पारिवारिक मूल्यों के गिरते स्तर और शराब की लत के भयावह परिणामों की स्पष्ट चेतावनी देती है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई ने जहां पीड़ित परिवार को कुछ राहत दी है, वहीं आरोपी को न्यायिक प्रक्रिया के तहत सजा दिलाने की दिशा में एक मजबूत कदम उठाया गया है।



**कसडोल/सोनाखान, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बलौदा बाजार जिला, कसडोल नगर पंचायत के वार्ड नंबर 9 बलार रोड में जनवरी 2025 में नाली बनाने के लिए गड्ढा खोदा गया था जिसका मलबा सड़क किनारे 24 मई तक पड़ा हुआ है। ठेकेदार की लापरवाही से कभी भी हादसा हो सकता है क्योंकि सड़क मार्ग, मलबे की वजह से संकरा हो गया है।

## एक नजर

### ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर पचरी में निकाली तिरंगा यात्रा

**तिल्दा–नेवरा, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता एवं वीर शहीदों को नमन करते हुए जनपद पंचायत तिल्दा क्षेत्र अंतर्गत पचरी में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता और देश के वीर जवानों के सम्मान में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा तिल्दा क्षेत्र के ग्राम पचरी के विभिन्न मार्गों में देशभक्ति के नारों और जोश के साथ संपन्न हुई। यह यात्रा वीर सैनिकों को समर्पित सच्ची श्रद्धांजलि है। देशभक्ति कोई क्षणिक भावना नहीं, यह जीवन भर निभाया जाने वाला संकल्प है। ऑपरेशन सिंदूर ने सिद्ध कर दिया है कि भारत अपने प्रत्येक वीर का सम्मान करना जानता है और आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हर आतंकी साजिश का मुँहतोड़ जवाब देना जानता है। जनपद अध्यक्ष टिकेश्वर मन हरे सहित सरपंच पंच एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### बीपीएम के प्रयासों से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ी सुविधाएं



**तिल्दा–नेवरा, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा नेवरा में पदस्थ बीपीएम ममता सुनवानी के अथक प्रयासों से इस वक्त अस्पताल में स्वास्थ्य योजनों के विस्तार हो या अन्य कार्य में अथक प्रयास से लगातार गांव का दौरा हो या अन्य स्वास्थ्य परीक्षण हो शिवर हो या फिर जिला की टीम या केंद्र की तुम को विजित कर अस्पताल की काया कल्प में विशेष योगदान में सक्रिय ममता सुनवानी इस क्षेत्र स्वास्थ्य विभाग में जनता के बीच सेतु का कार्य कर रही है और इनके कार्यों से जनता ओर ग्रामीण खुश है। इनके अथक प्रयास से पिछले दिनों दो दिवसीय क्वालिटी लेवल मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकन अधिकारी टीम द्वारा प्राथमिक स्वस्थ केंद्र खैरखुट का मूल्यांकन का कार्य पूर्ण किया गया संस्था के सभी अधिकारी कर्मचारी के निरंतर प्रयास से दिल्ली से आई टीम ने मूल्यांकन का कार्य किया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खेर खुट का निरीक्षण किया ग्रामीण मरीजों से कर्मचारियों से मुलाकात की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय से यह टीम तिल्दा नेवरा ब्लाक में पहुंची थी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डाक्टर और कर्मचारियों भी इनके कार्यों की तारीफकर रहे है।

### अत्याचार पीड़ित 13 व्यक्तियों के लिए सहायता राशि 17.5 लाख स्वीकृत

**बलौदाबाजार, 25 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत अत्याचार से पीड़ित 13 व्यक्तियों क़ो कलेक्टर दीपक सोनी के द्वारा राहत राशि 17 लाख 50 हजार की स्वीकृति प्रदान की गई है ।राशि का भुगतान सम्बंधितों क़ो पीएफएमएस माध्यम से किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश बांधे पिता बालचंद ग्राम पहन्दा स्वीकृत राशि 25000 रुपये, रामकुमार पैकरा पिता माया राम पैकरा ग्राम जोगीडीपा राशि 50000, बिंदिया ध्रुव पिता राजेंद्र ध्रुव ग्राम हथबंध राशि एक लाख रुपये, दीपक कुमार बर्मन पिता राम सिंह बर्मन, ग्राम मोहतरा राशि 412500, सुनीता जांगड़े पिता बसंत लाल जांगड़े, ग्राम खैरा राशि एक लाख, संतोषी बर्मन पति राम सिंह बर्मन, ग्राम मोहतरा राशि 412500, रागिनी सोनवानी पिता विष्णु सोनवानी, ग्राम अमेरा राशि 200000, राजेश्वरी चौहान निवासी शिवरीनारायण राशि 300000, अमीर कुमार राय पिता ताराचंद राय ग्राम गिधौरी राशि 25000, चंद्रशेखर महिलांग पिता बेनु महिलांग ग्राम मोहभट्ठा राशि 25000 शामिल हैं।

जिला पुलिस करा रही बलौदाबाजार बास्केटबॉल-वालीबॉल लीग का आयोजन

# जिला स्टेडियम में महिला-पुरुषों के लिए होंगे दो दिवसीय बास्केटबॉल और व्हालीबाल मैच

- जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पुलिस अधीक्षक के मुख्य अतिथ्य में बलौदाबाजार बास्केटबाल-व्हालीबॉल लीग का उद्घाटन
- नशा मुक्ति साइबर एवं जागरूकता अभियान के तहत आयोजित किया गया बलौदाबाजार बास्केटबॉल-व्हालीबॉल लीग का आयोजन
- महिला-पुरुष की 8-8 टीम हो रही हैं शामिल, समापन दिवस पर स्पर्धा में विजयी टीमों के खिलाड़ियों को किया जाएगा पुरस्कृत



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 मई।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा 24 व 25 को दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता बलौदाबाजार बास्केटबाल-व्हालीबाल लीग का आयोजन किया जा रहा है। उक्त खेल प्रतियोगिता जिला स्टेडियम बलौदाबाजार में आयोजित है। बलौदाबाजार बास्केटबाल-व्हालीबाल लीग का आयोजन नशा मुक्ति, साइबर एवं यातायात जागरूकता अभियान के तहत किया जा रहा है। जिला पुलिस बल द्वारा इस प्रकार से खेल प्रतियोगिता के आयोजन का यह पहला कार्यक्रम है। इस खेल प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य आमजनों को नशा मुक्ति से समाज को होने वाले फायदे, साइबर अपराध, साइबर ठगों से सावधानी एवं यातायात जागरूकता के तहत सुगम एवं सुरक्षित परिवहन के लिए यातायात नियमों की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना है।

आज दिनांक 24 मई को 5 जिला स्टेडियम बलौदाबाजार में मुख्य अतिथि के रूप में आकांक्षा जायसवाल अध्यक्ष जिला पंचायत बलौदाबाजार-भाटापारा, पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन एवं मेजर ध्यानचंद जी की फोटो में माल्यार्पण कर खेल प्रतियोगिता बास्केटबॉल-व्हालीबाल लीग का उद्घाटन किया गया। इस दौरान भावना गुप्ता द्वारा अपने संबोधन में कहा गया कि जिला पुलिस द्वारा यह आयोजन निश्चय ही स्थानीय ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को और निखारने एवं राज्य स्तर में इन्हें अपनी अलग पहचान देने में मदद करेगा। साथ ही इस प्रतियोगिता में शामिल समस्त खिलाडी पुलिस वालंटियर के रूप में आमजनों को भी नशा मुक्ति के फायदे, साइबर एवं यातायात जागरूकता के संबंध में आमजनों एवं अपने परिवार के सदस्यों को भी लगातार जागरूक करेंगे।

खेल प्रतियोगिता में बास्केटबॉल एवं व्हालीबॉल की महिला एवं पुरुष की 08-08 टीमें भाग ले रही हैं। आज उद्घाटन के अवसर पर तरेंगा एवं रावनभांटा किंग्स भाटापारा के मध्य बास्केटबॉल मैच का आयोजन किया गया। इसी प्रकार सिमगा एवं कुरकुटी बया के मध्य व्हालीबॉल मैच का आयोजन किया गया। मैच प्रारंभ होने के पूर्व मुख्य अतिथियों द्वारा टीम के समस्त खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें अपने मैच के लिए शुभकामनाएं दिया गया। यह खेल प्रतियोगिता 25 मई को भी लगातार जारी रहेगी तथा शाम के समय समापन अवसर के विजयी टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

## आपरेशन सिंदूर की सफलता पर नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नेवरा- तिल्दा, 25 मई।** ऑपरेशन सिंदूर की अभूतपूर्व सफलता से पूर्ण भारतीय समाज गौरवान्वित है। राष्ट्र प्रेमी नागरिकों के लिए सिंदूर शौर्य यात्रा एवं सभा एक सुअवसर है। भारतीय सेना के इस अद्भुत साहस एवं पराक्रम के लिए उनका स्वागत, अभिनंदन करने का, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का, उत्साहवर्धन करने का यह शुभ अवसर है। सिंदूर शौर्य यात्रा का प्रारंभ घड़ी चौक रायपुर से हुआ और व्हाइट हाउस नगर पालिका ,नगर निगम मुख्यालय के सामने के उद्यान में सभा में तब्दील हुआ ।तिरंगा एवं भारत माता की जय का नारा लगाते हुए रैली का एवं सभा का समापन हुआ।इस कार्यक्रम में विद्या भारती छत्तीसगढ़ प्रांत के संगठन मंत्री डॉ देवनारायण साहू ,सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक माध्यमिक विद्यालय नेवरा के फाउंडर मेंबर दिलीप शर्मा, संरक्षक पवन अग्रवाल, प्राचार्य वासुदेव साहू ,वरिष्ठ आचार्य टुकेश्वर वर्मा ,प्यारेलाल वर्मा विदेशी राम साहू, श्रीमती दीपशिखा ताम्रकार, श्रीमती अंजुलता शर्मा ,श्रीमती खिलेश्वरी वर्मा, श्रीमती फणीश्वरी वर्मा उपस्थित थे।



## स्वाधीन जैन लोगों की जान बचाने अब तक11 बार रक्तदान कर चुके

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजरा, 25 मई।** नगर के युवा समाजसेवी और भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मिडिया स्वाधीन जैन ने जनसेवा के क्षेत्र में उम्र कम होने के बावजूद स्वाधीन जैन ने 11 बार रक्तदान कर लोगो के जान बचाने में अहम भूमिका निभाई हैं।

जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के संदेशों को आत्मसात कर जीवनचर्या व्यतीतकरने वाले स्वाधीन जैन जैन धर्म के प्रथम सूत्र जियो और जीने दो के पथगामी हैं। जनसेवा की राह पर उनके कदम हमेशा अग्रसर रहते हैं। रक्तदान महादान को फलीभूत करते हुए युवा समाजसेवी स्वाधीन जैन लोगों की जान बचाने के लिए रक्तदान करने हेतु हर पल तत्पर रहते हैं। अब तक वे 11 बार रक्तदान कर चुके हैं। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा स्वाधीन जैन द्वारा 11वां रक्तदान कुसुमकसा रक्तदान शिविर में किया गया। रक्तदान पश्चात मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निज सहायक टी कौशिक द्वारा स्वाधीन जैन को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डौंडी लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेंद्र सिंह टेकाम, वरिष्ठ पत्रकार झुनमुन गुप्ता, भाजपा के युवा नेता जयदीप गुप्ता, कुसुमकसा भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, नितिन जैन, अनिल सुथार, सरपंच संघ अध्यक्ष ममता मांडवी, अशोक लोहिया, हितेश कुमार डोंगरे, संतोष जैन, डीबी रक्तदान ग्रुप के दीपक साहू, सुमीत जैन, अंकित टाटिया व पंचायत की पूरी टीम द्वारा रक्तदान शिविर में रक्तदान किया गया।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202503092100027
अ/2 वर्ष 2024-25

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका मंजू कोचे पत्ति जैन कुमार कोचे. उम्र 48 वर्ष जाति महार, निवासी राजीव नगर वार्ड नं. 8 डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिसमें लेख किया गया है कि आवेदिका के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम छिरपानी प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में ख. नं. 42/15 रकबा 0.020 हे. /0.05 एकड भूमि स्थित है। आवेदिका उपरोक्त ख. नं. 42/15 रकबा 0.020 हे./0.05 एकड़ कृषि भूमि को अपने भोजनालय (व्यवसायिक) प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तीत करवाना चाहती है। आवेदिका द्वारा ग्राम छिरपानी प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में ख. नं. 42/15 रकबा 0.020 हे./0.05 एकड़ भूमि भोजनालय (व्यवसायिक) प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने बाबत् छ.ग.भू.रा. संहिता की धारा 172 के तहत् निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा बी-1, विक्रयपत्र की छायाप्रति पेश किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 26/05/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
डोंगरगढ़

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोण्डागांव, जिला-कोंडागांव (छ.ग.)**

ई-कोर्ट क्रमांक/
202505200900024
अ-2/2024-25
ग्राम-दुधगांव, प.ह.न.16

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका श्रीमती नलीना मरापी/महेश कुमार मरापी, जाति मुरिया, निवासी कोनगुड़, तहसील फरसगांव, जिला-कोण्डागांव के नाम पर ग्राम दुधगांव, तहसील कोण्डागांव में स्थित भूमि खसरा नंबर 32/37 रकबा 0.1010 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका द्वारा उक्त भूमि में से रकबा 0.020 हे. भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन हेतु नक्शा, खसरा, बी-1 एवं रजिस्ट्री बैनामा की छायाप्रति सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 09/06/2025 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
कोण्डागांव


■ सांसद अग्रवाल व राजस्व मंत्री वर्मा ने किया पड़कीडीह -रावन मार्ग का भूमिपूजन,सामुदायिक भवन व सीसी रोड की मिली स्वीकृति

# 33 करोड़ की लागत से होगा सड़क का चौड़ीकरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 25 मई।** बहुप्रतीक्षित पड़कीडीह- रावन-हिरमी मार्ग का भूमिपूजन राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार क़ो ग्राम रबेली में विधिवत पूजा-अर्चना कर किया।पड़कीडीह से हिरमी तक 33 करोड़ 29 लाख 23 हजार रुपये की लागत से करीब 15 किलोमीटर सड़क क़ा चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण होगा जिससे पड़कीडीह, रबेली, रावन, सकलोर एवं हिरमी गांव के लोगों क़ो सुविधा मिलेगी। सड़क के साथ ही 3 पुल - पुलिया एवं बस्ती भाग में सड़क के दोनों ओर नाली निर्माण कार्य भी किया जाएगा। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ग्राम रबेली में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 25 लाख, मुक्ति धाम व सीसी रोड निर्माण हेतु 5--5 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम क़ो सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार तेजी से विकास कार्य कर रही है जिसकी पहचान यहां सड़क निर्माण हेतु 33 करोड़ की स्वीकृति है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सभी वर्ग के लोगों क़ो योजना क़ा लाभ मिल रहा है। अब डीबीटी के माध्यम से सीधे हितग्राही के खाते में राशि समय पर जमा हो जा रही है। आने वाले समय में जिला में विकास कार्य और तेजी से होगा।



सांसद अग्रवाल ने कहा कि सड़क जैसे बुनियादी सुविधाओं क़ो मजबूत करने की दिशा में सरकार काम कर रही है। अब हर जगह विकास की बात होती है। लोग योजनाओं के लाभ के बारे में जानना चाहते है। हमारी सरकार विकास की एजेंड़ा तय करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत संकल्प के साथ देश, प्रदेश एवं गांव भी विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि अब जल जीवन मिशन के तहत स्वच्छ पेयजल घर- घरनल से मिल रहा है। बलौदाबाजार भाटापारा जिला आने वाले 5 साल में सड़क और रेल मार्ग में अभूतपूर्व विकास करेगा। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सिमगा दौलत पाल, जिला पंचायत सदस्य मोहन लाल वर्मा, शशि आनंद बंजारे, महिला आयोग की सदस्य लक्ष्मी वर्मा, स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद सदस्य पूर्णिमा लहरी, सरपंच सरोज साहु, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## एक नजर

### एक राष्ट्र-एक चुनाव पर संगोष्ठी 26 को

**रायपुर, 25 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट 26 को एक राष्ट्र - एक चुनाव पर संगोष्ठी, सम्मेलन, संवाद कार्यक्रम का आयोजन वृन्दावन हाल सिविल लाईन में शाम 4:00 बजे से किया जायेगा। उन्होनें बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय रामविचार नेताम जी, मंत्री छ ग़ शासन कृषि, अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास मंत्रालय, कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय शिवरतन शर्मा जी (प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा), विशिष्ट अतिथि माननीय अमर पारवानी जी राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन, कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) एवं माननीय रमेश सिंह ठाकुर जिलाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, रायपुर रहेगें।

### मंगाली के साथ गठबंधन प्रतिबद्धता का संकेत

**रायपुर, 25 मई।** वैश्विक इंजीनियरिंग ब्रांड देवू ने भारत में ऑटोमोटिव लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में प्रवेश करते हुए अपनी प्रीमियम श्रेणी के उत्पाद लॉन्च किए। यह लॉन्च मंगाली इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ रणनीतिक लाइसेंसिंग साझेदारी के तहत किया गया है। नई दिल्ली स्थित होटल ली मेरिडियन में आयोजित एक कार्यक्रम में कंपनी ने टू-व्हीलर, पैसेंजर कार, वाणिज्यिक और कृषि वाहनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले लुब्रिकेंट्स की रेंज पेश की। इस अवसर पर ऑटोमोबाइल और लुब्रिकेंट उद्योग से जुड़े कई प्रमुख लोग मौजूद रहे। देवू लुब्रिकेंट्स के निदेशक (रणनीति एवं विकास) विनीत सिंह ने कहा कि कंपनी नवाचार, भरोसे और प्रदर्शन की प्रतीक रही है। उन्होंने कहा, ''मंगाली इंडस्ट्रीज के साथ यह गठबंधन भारत जैसे गतिशील बाजार के लिए दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का संकेत है।''

### रामजी लाल अग्रवाल को महंत की श्रद्धांजलि

**रायपुर, 25 मई।** छत्तीसगढ़ विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता वरिष्ठ समाजसेवी रामजी लाल अग्रवाल के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ. महंत ने कहा कि, राम जी अग्रवाल रायपुर महावीर गौशाला के संस्थापक रहते हुए गौसेवा के लिए अतुलनीय कार्य किया है। हमेशा ही समाज उत्थान के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभायी है।

### जुड़वा शिशुओं को किम्स कडल्स में मिला नया जीवन



**रायपुर, 25 मई।** बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में समय से पहले जन्मे दो नन्हे जुड़वां बच्चों का वजन केवल 1.4 और 1.5 किलोग्राम था। गंभीर संक्रमण के चलते उनकी हालत बेहद नाजुक हो गई थी। स्थिति इतनी गंभीर थी कि उन्हें तुरंत एयर एम्बुलेंस के माध्यम से किम्स कडल्स हॉस्पिटल, कोंडापुर, हैदराबाद ले जाया गया। यह तेलुगु राज्य में पहली बार था जब समयपूर्व जुड़वां शिशुओं को एयरलिफ्ट किया गया। किम्स कडल्स की क्लिनिकल डायरेक्टर व नियोनेटोलॉजी प्रमुख, डॉ. अपर्णा सी ने इस असाधारण मामले की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया, ट्रांसफर के दौरान ही एक बच्चे की हालत अत्यंत गंभीर थी। उसे फंगल संक्रमण के साथ-साथ ड्रग-रेजिस्टेंट बैक्टीरियल इंफेक्शन (क्लेब्सिएला) था, जिससे मल्टी-ऑर्गन फेल्योर हो गया था। दूसरे बच्चे को फंगल सेप्सिस था और उसे सीपीएपी (नासिका मार्ग से निरंतर ऑक्सीजन आपूर्ति) की आवश्यकता थी। डॉ. अपर्णा ने आगे बताया, करीब एक महीने की गहन चिकित्सा के बाद दोनों बच्चे पूरी तरह से ठीक हो गए। संक्रमण पर नियंत्रण पा लिया गया है, वे अब स्तनपान कर पा रहे हैं और उनका वजन लगभग 2 किलोग्राम हो गया है।



रायपुर। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने झीरम घाटी के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### निधन

#### चिंतामणि (चिंटू) गढ़वाल

**रायपुर 25 मई।** आंबेडकर अस्पताल में पत्रकार चिंतामणि (चिंटू) गढ़वाल का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज उनके निवास स्थान श्रीनगर से खमतराई मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी, अरविंद सोनवानी सहित सभी सदस्यों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्होंने श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# मै अपने आप को सुलझा रहा हूँ तुम्हें लेकर कोई उलझन नहीं है



नक्सलियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ में बड़ी कार्रवाई हुई है, नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके में सुरक्षा बलों ने एनकाउंटर में 27 नक्सलियों को मार गिराया है, सबसे बड़ी बात यह है कि इन नक्सलियों में देश के विभिन्न



प्रदेशों में 10 करोड़ (छ्ग में ड ेढ़ करोड़) का इनामी नक्सली कमांडर बसवा राजू भी शामिल है, जो छग में लाल आतंक पर बड़ी चोट मानी जा रही है। क्योंकि बसवा राजू वो नाम था, जो छत्तीसगढ़ से तेलंगाना तक नक्सली संगठन को ऑपरेट करता था, वह कई वारदातों में शामिल रहा है।ऐसे में उसका ढेर होना नक्सल संगठन को सबसे बड़ी चोट माना जा रहा है।

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके खुद बसवा राजू के ढेर होने की बात कही है।उन्होंने सुरक्षाबलों के ऑपरेशन की सराहना की।छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले अबूझ माड़ में को सुरक्षा बलों - नक्सलियों के बीच हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों को सफ्लता मिली है।27 नक्सलियों को ढेर कर दिया गया, सबसे खास बात यह रही कि इसमें सुरक्षा बलों ने 10 करोड़ के इनामी बसव राजू को भी मार गिराया है, जो अपने आपमें सुरक्षाबलों की बड़ी सफ्लता है, क्योंकि बसव राजू केवल एक नक्सली नहीं बल्कि नक्सल नेटवर्क को बड़े दिमाग से हैंडल करनेवाला मास्टरमाइंड था।बसवराजू कौन था-सवाल यह उठता है कि बसव राजू कौन था, जिस पर सरकार ने एक-दो लाख नहीं बल्कि 10 करोड़ रुपये इनाम रखा था।

नक्सली नेता बसवराजू का असली नाम नाम्बाला केशवराव था जो बसवराजू के नाम से जाना जाता था महासचिव गणपति की जगह ली - नक्सली मोर्चे को संभालने की उसकी क्षमता को देख उसे बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गई और बहुत जल्द उसने अपनी जगह बना ली थी। बसवा राजू ने 2018 में सीपी आई(माओवादी) महासचिव गणपति की जगह ली।गणपति या मुप्पाला लक्ष्मण राव पहले महासचिव थे, बताया गया है कि गणपति फिलीपींस भाग गया, खबर के मुताबिक, माओवादियों ने चिंतालनार में 76 सीआर पीएफ जवानों की हत्या की थी, झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर हमला किया कई कोंग्रेसी नेताओं हत्या कर दी थी, इसका मास्टरमाइंड बसव राजू ही था, आंध्र के श्रीकाकुलम जिले का रहने वाला था, छोटे उम्र से ही सीपी आई(एमएल) पीपुल्स वार ग्रुप की ओर उसका झुकाव था, वह 1980 के शुरु आती वर्षों में इसमें शामिल हो गया, वारंगल से बी.टेक की डिग्री हासिल की थी- बासव राजू काफी पढ़ा लिखा था, उसने आरसीई वारंगल से स्नातक की डिग्री हासिल की थी, माओवाद के प्रति झुकाव के पहले राजू, स्कूल, जूनियर कॉलेज में कबड्डी खिलाड़ी था, उसे नक्सल नेताओं में सबसे अधिक पढ़ा लिखा था।बताया जाता है कि कई छात्र जिन्होंने संस्थान में पढ़ाई की, माओवादी आंदोलन में शामिल होने के लिए आगे बढ़े।बसव, विस्फोटक विशेषज्ञ के रूप में जाना जाता था, उसे सुरक्षाबलों के लिए इस्तेमाल होने वाले घातक आईईडी तैयार किए थे, वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी का सबसे वांछित व्यक्ति था, जिसके लिए डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक का इनाम था, 23 सितंबर, 2018 को माओवादी द्वारा तेलुगु देशम पार्टी के विधायक किदारी सर्वेश्वर राव, पूर्व विधायक सिवेरी सोमा की हत्या का मास्टर माइंड भी बसव राजू था, योजना बना कर उनकी हत्या




कोअंजाम दिया था।

**डीजीपी...अरुण देव हैं सरकार की पसंद....**

छग में पुलिस मुखिया अरुणदेव गौतम ही बने रहेंगे....प्रभारी के बाद अब स्थायी डीजीपी, सरकार उन्हें बना सकती है।



उनके नेतृत्व में नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान में वैसे भी उल्लेखनीय प्रगति हासिल हुई है, छ्ग में डेढ़ करोड़ के इनामी हार्डकोर नक्सली बसवा राजू साहित 27 को मारने को मामला हो, नक्सालियों के सुरक्षित करेंगुत्ता में सबसे लम्बा, सफ्ल नक्सली विरोधी अभियान चलाने का मामला हो, सभी कसौटी पर गौतम सफ्ल रहे हैं। यूपीएससी से वैसे डीजीपी के लिये गौतम के अलावा 2 अन्य अफसर पवन देव, जीपी सिंह के नामों की लिस्ट आई है पर विष्णुदेव सरकार की पहली पसंद अरुण देव गौतम ही हैं ऐसा कहा जा रहा है, जून के पहले सप्ताह इसका खुलासा हो जाएगा।

**बांग्लादेशी और रोहिंग्याओं को तलाश करने एसटीएफ का गठन...**

छत्तीसगढ़ में रह रहे अवैध अप्रवासी, घुसपैठिए जैसे बांग्लादेशी, पाकिस्तानी, रोहिंग्याओं की तलाशी के लिए प्रदेश के 33 जिलों में स्पेशल टास्क फोर्स (एस टीएफ) का गठन किया गया है।रायपुर में एएसपी ममता देवांगन को एसटी एफका प्रभारी बनाया गया है। इसी तरह दुर्ग में डीएस पी सत्यप्रकाश तिवारी, राजनांदगांव में राहुल देव शर्मा, कवर्धा में एएसपी पुष्पेंद्र सिंह बघेल, खैरागढ़ में एएसपी नीतेश गौतम, मोहला- मानपुर में डीएसपी नेहा पवार प्रभारी बनाये गये हैं। अधिकांश जिलों में एएसपी और डीएसपी रैंक के अधिकारियों को जिम्मे दारी सौंपी गई। साथ में इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, हवलदार और सिपाही की टीम रहेगी।उल्लेखनीय है कि टास्क फोर्स राज्य में अवैध दस्तावेज या बिना दस्तावेज के रहने और बाहर से आने वालों की तलाश करेगी। इनकी कार्रवाई की हर माह रिपोर्ट 5 तारीख तक गृह विभाग को भेजनी होगी। एसटीएफ की पहली बैठक 5 जून को मंत्रालय में



होगी। रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजी जाएगी। मामले में एडीजी इंटेलिजेंस अमित कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को जो निर्देश दिए गए हैं उस पर प्रभावपूर्ण तरीके से काम किया जा रहा है। देशभर में अवैध प्रवासियों की जांच पड़ताल के निर्देश मिले थे, छत्तीस गढ़ को केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से निर्देश प्राप्त हुए हैं, घुसपैठियों की तलाश तेजी से जारी है। सभी 33 जिलों में स्पेशल टास्क फ़ोर्स (एसटीएफ) का गठन किया गया है।

**और अब बस.......**

» जून माह में छ्ग के मुख्य सचिव रिटायर हो जाएंगे... अगला मुखिया कौन बनता है इसको लेकर चर्चा तेज है?

» मुख्य सूचना आयुक्त किस दिग्गज को बनाया जाता है, इस पर कई पूर्व नौकरशाहों की निगाह है।

## राज्य में कोविड-19 पूरी तरह नियंत्रण में, घबराने की जरूरत नहीं : जायसवाल

**रायपुर, 25 मई।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा सभी जिलों में इन्फ्लूएंजा के लक्षणों वाले मरीजों का सर्वेलेन्स को सुदृढ़ करने हेतु सभी जिलों के जिला सर्वेलेन्स अधिकारियों का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया के निर्देशानुसार तथा आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन में सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि अस्पतालों में आने वाले ऐसे मरीज जिन्हें सर्दी खाँसी, बुखार अथवा गले में खराश हो, की समुचित देखभाल किया जाए।

एकीकृत रोग निगरानी के दिशा निर्देश अनुसार एसएआरआई (सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इंफेक्शन) मरीजों को चिकित्सक की सलाह पर भर्ती किया जाए। जिलों में सामान्य इन्फ्लूएंजा वाले लक्षणों के मरीजों के इलाज हेतु जरूरी दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। इस दौरान जिला रायपुर में एक व्यक्ति को कोविड टेस्ट पॉजिटिव होने की पुष्टि की गई है, यह मरीज नियमित स्वास्थ्य निगरानी की प्रक्रिया में है।



स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विभाग के सभी अधिकारियों को इन्फ्लुएंजा जैसे लक्षणों की सतत् निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि राज्य में ऐसे वायरस जनित रोगों के लिए सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य के स्वास्थ्य विभाग की की सभी तैयारियां पूरी हैं, कोविड केसेस के आने पर बेड भी आरक्षित हैं, इसके लिए दवाइयां और मैन पावर भी पर्याप्त है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम किसी भी स्थिति से निपटने के ले तैयार है। जायसवाल ने ये भी कहा है कि सभी लोगों से अपील की जाती है कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और घबराने की जरूरत नही है।

ज्ञात हो कि हाल ही में भारत सरकार के डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेस की अध्यक्षता में हुई बैठक में ये बात सामने आई है कि देश में कोविड-19 की स्थिति पूरी तरह से अंडर कंट्रोल है। रिपोर्ट के अनुसार अभी तक जितने भी केसेस आए हैं वो माइल्ड हैं जिसमें अस्पताल में भर्ती होना जरूरी नहीं है। कोविड-19 केस की संभावित स्थितियों को लेकर तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्य के सबसे बड़े अस्पताल डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय में ओपीडी, वार्ड एवं उपचार व्यवस्थाओं की समीक्षा की गयी है। इसमें डॉक्टरों तथा नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी, दवाओं की उपलब्धता, आक्सीजन, बेड की व्यवस्था तथा ओपीडी के संचालन की सम्बन्ध में चर्चा हुई है। यहां कोरोना के संभावित प्रकरणों से निपटने के लिए अस्पताल में पर्याप्त व्यवस्था है। सामान्य ओपीडी से अलग कोविड -19 ओपीडी की व्यवस्था की गई है। संभावित गंभीर मरीजों को भर्ती कर उपचार प्रदान करने के लिए अलग से एंट्री पॉइंट बनाया गया है। इन क्षेत्रों की पहचान के लिए साईनएज बोर्ड लगाए जा रहे हैं। अस्पताल में कोविड ङ्क 19 के लिए स्क्रीनिंग, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट की पूरी व्यवस्था है।

## बच्चों ने ली पर्यावरण की रक्षा करने पेड़ लगाने की शपथ

**रायपुर, 25 मई।** पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों पर प्रांत नारी शक्ति प्रमुख वर्तमान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से दायित्व प्राप्त नीलम सिंह ने शनिवार को सेट पॉल्स कैथेड्रल में पर्यावरण संरक्षण विशेषज्ञ के रूप में क्लास ली। अवकाशकालीन बाइबिल शाला में उन्होंने बच्चों को प्लास्टिक से दूर रहने और पर्यावरण की रक्षा करने का पाठ पढ़ाया। बच्चों ने जो कुछ सीखा उसका प्रेजेंटेशन रविवार को आराधना में करेंगे। पारितोषिक वितरण भी होगा।

मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ डायसिस की बिशप डॉ. सुषमा कुमार थीं। पादरी सुबोध कुमार ने कविता पाठ के बाद बच्चों को संकल्प दिलाया। सिंह ने कहा कि काला जहरीला धुआं उगलने वाली फैक्ट्रियां भी मानव व अन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचा रही हैं। पशु भी



पॉलिथीन - प्लास्टिक खा लेते हैं जो उनकी जान पर बन आती है। इससे भूजल का स्तर डाउन होता है। हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए। बच्चों को गर्मी की छुट्टियों में जामुन व आम की गुटलियों को जमा करना चाहिए। फिर न्हें बरसात में बोना चाहिए। इन गटलियों से आयुर्वेदिक दवाएं भी बनती हैं। पादरी असीम विक्रम, पादरी सुशील मसीह, डीकन मनशीश केजू, संडे स्कूल सुपरीटेंडेंट नेहा पिल्ले, सचिव रश्मि जेम्स, कोषाध्यक्ष सेजल मोसेस, पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, सदस्य दीपक दास व एडवोकेट सरिता सिंह, चर्च सचिव रूचि धर्मराज, कोषाध्यक्ष किरण सिंग, रूपिका लारेंस, चर्च कमेटी के सदस्य अनुराग सिंग, डीके दानी, प्रवीण जेम्स, संजय नायक, राहुल करीम, समीर मार्दिकार, गजेंद्र दान आदि, संडे स्कूल टीचर्स, युवा सभा व महिला सभा के सदस्य भी विशेष रूप से शामिल हुए। डायसिस के सचिव नितिन लोरेंस की पहल पर सिंह ने उद्बोधन दिया।

**अंतिम यात्रा**



रायपुर, 25 मई। गौ एवं समाज सेवक तथा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पिता रामजी लाल अग्रवाल की अंतिम यात्रा आज मौलश्री स्थित निवास से निकाली गई। अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशान घाट में किया गया।

## महिलाओं ने मनाया नंदोत्सव

**रायपुर, 25 मई।** राजधानी रायपुर के स्वर्णभूमि स्थित फेसङ्क2 में रायपुर जिला महिला अग्रवाल संगठन द्वारा नंदोत्सव पर्व मनाया गया, उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम की मीडिया प्रभारी कविता राठी ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक हेमलता बंसल के नेतृत्व में यह भव्य आयोजन संपन्न हुआ जहां प्रांतीय संरक्षक अनिता अग्रवाल उपस्थित रही।

बंसल ने बताया कि फेस 2 स्थित स्विमिंग पूल में भगवान कृष्ण को नौका विहार करवाया गया, इस दौरान कृष्ण के भजन भी गाए गए जिससे पूरा वातावरण कृष्णमय हो गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हेमलता बंसल, कविता राठी, अनिता अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, सारिका खेतान, संतोष धनोदिया, ज्योति अग्रवाल, सीता अग्रवाल, पद्मा अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, पिंकी धनोदिया, नीति धनोदिया, नेहा अग्रवाल, बिंदिया अग्रवाल, सविता गुप्ता उपस्थित रहे। सभी महिलाओं ने नौका एवं भगवान की पोशाक को बेहद ही खूबसूरती से



सजायाङ्कसंवारा एवं देशङ्कप्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की।

## छत्तीसगढ़ में सड़क सुरक्षा उपायों की समीक्षा

**रायपुर, 25 मई।** 23 मई को मनोज पिंगुआ, अपर मुख्य सचिव (गृह) छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सभी संबंधित विभागों को परस्पर समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सबकी सहभागिता से सड़क सुरक्षा के उपायों का बेहतर से बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। मुख्य सड़कों में मिलने वाली ग्रामीण सड़कों के जंक्शन, दुर्घटनाजन्य सड़क खण्डों/ब्लैक स्पॉट्स में प्राथमिकता से आवश्यक सुधारात्मक उपाय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये गए।

समीक्षा बैठक के प्रारंभ में सचिव परिवहन एस प्रकाश के प्रारंभिक स्वागत उद्बोधन के उपरांत संजय शर्मा अध्यक्ष अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) ने मुख्य सचिव महोदय द्वारा दिनांक 07.11.2024 में समीक्षा बैठक के



अनुक्रम में संबंधित विभागों द्वारा संपादित कार्यो तथा अद्यतन स्थिति की जानकारी प्रस्तुत की। प्रदेश में गत 04 माह में 5322 सड़क दुर्घटनाओं 2591 व्यक्ति की मृत्यु एवं 4825 घायलों के साथ जनवरी - अप्रैल 2024 की तुलना में जनवरी-अप्रैल 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 5.6त्न, मृत्यु दर 12.5त्न, तथा घायलों में 10.8त्न की वृद्धि पर बैठक में चिन्ता व्यक्त की गई। वर्ष 2019-2025 तक चिन्हाकित/लंबित ब्लैक स्पॉट्स में से 69 तथा 101 जंक्शन सुधार, यातायात के नियमों के उल्लंघनकर्ताओं के विरूद्ध पुलिस विभाग द्वारा 3, 06, 106 प्रकरणों में राशि 11, 91, 68, 800/- रू तथा परिवहन विभाग द्वारा 2, 80, 568 प्रकरणों में राशि 58, 34, 94, 300/-रू. शमन शुल्क वसूल किये गए। इस वर्ष विभिन्न जिलों में गत 48 एवं मान.सांसदो द्वारा 05 सड़क सुरक्षा समीक्षा बैठक संपन्न हुई है। सड़क दुर्घटनाओं में घायलों के उपचार हेतु 8 जिलों अस्पताल में सीटीस्कैन की जांच, समस्त जिला अस्पतालों 24×7 एक्सरे/लेबोट्री जांच, इमरजेंसी संबंधित आवश्यक दवाईयां/इन्जेक्शन उपलब्ध, समस्त जिलों के विशेषज्ञ, चिकित्सा, स्टाफ नर्स, पैरामेडिकल स्टाफको प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस वर्ष शाला सुरक्षा संबंधी प्रशिक्षण में सड़क सुरक्षा से संबंधित यातायात जागरूकता के 1234 कार्यक्रमों में 7,19,000 लाभान्वित हुए है। अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा में स्वास्थ्य सेवाएं, लोक निर्माण विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, शिक्षा, परिवहन, सामान्य प्रशासन विभागों में कार्यरत योग्य/ सेवानिवृत अधिकारियों की संविदा नियुक्ति कर प्रतिनियुक्ति के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की गई।

### वरिष्ठ नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता बढ़ाने केयर के साथ साझेदारी

**रायपुर, 25 मई।** भारत के सबसे बड़े निजी क्षेत्र के बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने भारत में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल से जुड़े एकमात्र एकीकृत परितंत्र और मैक्स इंडिया लिमिटेड की पूर्ण मालिकी वाली सहायक कंपनी, अंतरा सीनियर केयर के साथ गठजोड़ किया है, ताकि भारत की बुजुर्ग आबादी के स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके। इस साझेदारी के ज़रिये, अंतरा अपने विभिन्न किस्म के उत्पाद और सेवाओं की पेशकश करेगा, जिसमें केयर होम्स, केयर एट होम और अपने विशिष्ट मार्केटप्लेस एजीज़ी तक पहुंच शामिल होगी। एजीज़ी एक विशिष्ट ऑनलाइन और ऑफ्लाइन मार्केटप्लेस है, जिसमें पुरानी बीमारियों के प्रबंधन का समर्थन करने के लिए विशिष्ट उत्पाद और समाधान शामिल हैं। ये सेवाएं एक्सिस बैंक के सिल्वर लाइनिंग्स प्रोग्राम के 20 लाख से अधिक ग्राहकों को उपलब्ध होंगी, जो 60 वर्ष से अधिक उम्र के ग्राहकों की विविध वित्तीय ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई पहल है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26